संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार 30 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 320 पृष्ठः 8+4 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



जयपुर में रेलवे जीएम ने किया सुरक्षित रेल संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों को पुरस्कृत



संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार, 30 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 320 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



श्रमिकों के सकुशल बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुबह सबसे पहले बाबा बौख नाग से प्रार्थना की।

## फास्ट न्यूज

### अटल डुल्लू होंगे जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्य सचिव

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अटल डुल्लू केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्य सचिव होंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए। आदेश के अनुसार 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अटल डुल्लू को 1 दिसंबर से जम्मू-कश्मीर का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। हाल ही में केंद्र सरकार ने उनके वापस उनके जम्मू-कश्मीर मूल कैडर में भेजा था। मौजूदा मुख्य सचिव अरुण कुमार मेहता 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी और शाह के करीबी सुनील ओझा का निधन

**अहमदाबाद।** गुजरात के भावनगर दक्षिण से भाजपा के पूर्व विधायक सुनील ओझा का बुधवार को दिल्ली में हार्ट अटैक से निधन हो गया। प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के करीबी ओझा पिछले कुछ समय से बिहार में संगठन के सह प्रभारी के रूप में काम कर रहे थे। वो कई वर्ष तक उत्तर प्रदेश के प्रभारी भी रहे हैं। बताया गया है कि उनकी पार्थिव देह को वाराणसी ले जाया जाएगा। वहां 30 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। संगठन में गहरी पैठ रखने वाले ओझा को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार की रणनीति के लिए संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। ओझा मूल रूप से भावनगर जिले के रहने वाले थे।

### ममता सरकार ने पुलिस को बेलगाम छोड़ा: निशीथ

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर पूरे पश्चिम बंगाल में पुलिस को जनता पर अत्याचार करने के लिए बेलगाम छोड़ने का आरोप लगाया है। बुधवार को उन्होंने कहा कि राज्य में ममता बनर्जी के भ्रष्ट शासन को हराने का समय आ गया है। गृह राज्य मंत्री प्रमाणिक धर्मतल्ला में पार्टी की रैली को संबोधित कर रहे थे। कूचबिहार से सांसद प्रमाणिक ने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने राज्य में आतंक का राज कायम कर दिया।

### पीपीएस से आईपीएस बने 25 अफसरों को मिली तैनाती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने बुधवार को पीपीएस से आईपीएस बने 25 पुलिस अधिकारियों को नई तैनाती दी है। सबसे पहले कानपुर कमिश्नरेट से प्रदीप कुमार को पुलिस अधीक्षक एनटीएफ मुख्यालय, हरगोविंद को पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, राम सुरेश को सेनानायक विशेष सुरक्षा बल मथुरा, मोहम्मद तारिक को पुलिस अधीक्षक रूल्स मैन्युअल मुख्यालय लखनऊ, निधि सोनकर को पुलिस अधीक्षक यूपी 112 उत्तर प्रदेश भेजा गया है।

# रेस्क्यू की सफलता पर श्रमिकों के परिजनों के साथ दीवाली मनाएंगे मुख्यमंत्री धामी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग से रेस्क्यू किए गए श्रमिकों का हाल-जानने के लिए बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ पहुंचे। धामी ने रेस्क्यू की सफलता की खुशी में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर श्रमिकों के परिजनों साथ दीवाली मनाने की घोषणा की है। रेसक्यू किए गए सभी श्रमिकों को हेलीकॉप्टर से ऋषिकेश के एम्स पहुंचाया दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती हर श्रमिक से मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम जानी। उन्होंने डॉक्टरों से श्रमिकों के स्वास्थ्य लाभ व चिकित्सा उपचार की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में श्रमिकों को दी जा रहीं विभिन्न सुविधाओं का भी

**चेक वितरित किये**

**8 चिन्यालीसौड़ पहुंचे मुख्यमंत्री ने एक-एक लाख के प्रोत्साहन चेक किए भेंट**

**8 मैन्युअल खुदाई करने वाले श्रमिकों को भी 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि**

जायजा लिया। उन्होंने श्रमिकों के हौसलों की सराहना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने टनल से रेस्क्यू किए प्रत्येक श्रमिक को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि के चेक भी सौंपे। मुख्यमंत्री धामी ने रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतिम दौर में पाइप पुशिंग के लिए रैट माइनिंग तकनीक से मैन्युअल खुदाई करने वाले श्रमिकों को भी 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि देने



की घोषणा की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सुरंग हादसे के चलते हम सब इस बार दीवाली नही मना सके थे, अब सभी श्रमिकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिए जाने के बाद बुधवार को दिवाली का जश्न मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के परिजनों को देहरादून मुख्यमंत्री आवास पर दिवाली मनाने के लिए आमंत्रित किया है।

मुख्यमंत्री ने रेस्क्यू किए गए श्रमिकों में से टनकपुर, चंपावत के पुष्कर की माता से मोबाइल पर बात की और उन्हें पुष्कर के स्वस्थ होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी श्रमिकों को सकुशल बचाकर राज्य सरकार ने अपना वचन निभाया है। मुख्यमंत्री ने पुष्कर की माता को बताया कि पुष्कर के साथ ही सभी श्रमिक सुरक्षित हैं।

जल्द ही हायर सेंटर में जांच के उपरांत पुष्कर सहित अन्य श्रमिकों को उनके घर भेज दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रेस्क्यू किए गए श्रमिकों के परिजनों से भी मुलाकात की। उन्होंने श्रमिकों के साहस, मनोबल और परिजनों के धैर्य के साथ ही रेसक्यू अभियान में शामिल सभी एजेंसियों व कार्मिकों की अनथक मेहनत को इस अभियान की सफलता का आधार बताया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुरंग में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के अभियान पर निरंतर नजर रखे हुए थे और वह श्रमिकों की कुशलता को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में श्रमिकों के अनमोल जीवन को बचाने की सरकार की वचनवद्धता और परिजनों के साथ ही जनता के अटूट विश्वास ने इस बेहद जटिल, चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरे बचाव अभियान को कामयाब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस दौरान कमिश्नर गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे, जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे। इसी बीच जानकारी मिली है कि रेस्क्यू किए गए सभी श्रमिकों को एहतियात के तौर पर उच्च चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सभी श्रमिकों को चिनुक हेलीकॉप्टर से ऋषिकेश एम्स पहुंचाया गया है।

# बंगाल में रवींद्र संगीत की जगह धमाकों की गूंज:शाह

= सीएए इस देश का कानून है, हम इसे लागू करके रहेंगे

**कांग्रेस पर निशाना**

**8 जब से यहां कांग्रेस की सरकार बनी है तब से राजस्थान में हर तीज-त्योहार के दौरान दंगे होते रहे है: मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

अमित शाह ने आज कोलकाता के विक्टोरिया हाउस के सामने एक रैली की। उन्होंने कहा- जिस बंगाल में कभी सुबह-सुबह रवीन्द्र संगीत सुनाई पड़ता था, आज वही बंगाल बम धमाकों से गूंज रहा है। पूरे देश में सबसे ज्यादा चुनावी हिंसा बंगाल में होती है। वो बंगाल में घुसपैठ को रोक नहीं पा रही है। कभी ममता बनर्जी घुसपैठ के मुद्दे पर संसद पार्लियामेंट चलने नहीं देती थीं, आज खुलेआम घुसपैठियों को वोटर कार्ड और आधार कार्ड बंट रहे हैं और ममता बनर्जी चुप बैठी हैं। जिस राज्य में इतनी घुसपैठ होती हो वहां विकास कैसे हो सकता है, इसीलिए ममता बनर्जी नागरिकता संशोधन कानून



**शाह ने ममता को दी गिरफ्तार नेताओं को बर्खास्त करने की चुनौती**

**कोलकाता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षक नियुक्ति समेत अन्य मामलों में गिरफ्तार पार्टी नेताओं को पद से बर्खास्त करने की चुनौती भी दी। शाह ने कहा कि घुसपैठ को समर्थन देने के कारण ममता बनर्जी सीएए का विरोध कर रही हैं। इतनी अधिक घुसपैठ वाले राज्य में विकास नहीं हो सकता। ममता बनर्जी ने घुसपैठ के मुद्दे पर एक बार संसद को ठप कर दिया था, लेकिन अब वह चुप हैं। उन्होंने दावा किया कि असम में भाजपा के सत्ता में आने के बाद कोई भी वहां घुसपैठ नहीं कर सकता।

(सीएए) का विरोध कर रही हैं। आज मैं कहकर जाता हूं कि उअअ इस देश का कानून है और हम इसे लागू करके रहेंगे। जो वहां से आए हैं वो सभी हिंदू भाइयों बहनों का इस देश पर उतना ही अधिकार है, जितना आपका और हमारा है, उनका अधिकार कोई नहीं छीन सकता।

**बंगाल सरकार ने रैली की इजाजत नहीं दी थी:** ममता बनर्जी की सरकार ने अमित शाह की इस रैली को अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद प्रदेश भाजपा ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। कोर्ट की सिंगल बेंच ने रैली की अनुमति दे दी थी। राज्य सरकार इस फैसले के खिलाफ बड़ी बेंच के पास पहुंची थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस सिवागनानम और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका खारिज कर दी थी। बड़ी बेंच में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से सभा की इजाजत ना देने का कारण पूछा था। राज्य सरकार के वकील ने बताया कि विक्टोरिया हाउस कोलकाता शहर का केंद्र है। यहां सभा होगी तो शहर ठप्प हो जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को छोड़कर वहां कोई सभा नहीं होती है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि 21 जुलाई को ऐसा क्या खास होता है कि इस दिन को छोड़कर वहां कोई सभा नहीं हो सकती। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि इस मामले को लेकर बेवजह समस्या खड़ी की जा रही है।



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाराष्ट्र के लोनावाला में कैवल्यधाम के शताब्दी समारोह के उद्घाटन के दौरान।

### सरकार को कानून बनाने से नहीं रोक सकते राज्यपाल

**केरल।** लंबित विधेयकों पर केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ केरल सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने आज सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने बुधवार को कहा कि राज्यपाल राज्य सरकार को कानून बनाने से रोक नहीं सकती है। बता दें कि कार्यवाही की शुरूआत के बाद से राज्यपाल आरिफ ने विधानसभा से पारित आठ में से एक लंबित विधेयक को मंजूरी दे दी है। वहीं, अन्य 7 विधेयकों को राष्ट्रपति द्वारा विचार के लिए आरक्षित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल से विधेयकों पर चर्चा के लिए संबंधित मंत्री के साथ मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से मिलने को कहा है।

# मणिपुर में मैतेई उग्रवादी संगठनों पर कसेगा शिकंजा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने मणिपुर में संचालित मैतेई उग्रवादी समूहों पर प्रतिबंध बढ़ाने के फैसले पर विचार करने के लिए न्यायाधिकरण का गठन किया है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, गृह मंत्रालय ने गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) न्यायाधिकरण का गठन किया है। गुवाहाटी हाई कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार मेधी की सदस्यता में न्यायाधिकरण का गठन किया गया है। न्यायाधिकरण यह फैसला करेगा कि मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों के साथ-साथ उनके गुटों, विंग और फ्रंट संगठनों को गैरकानूनी घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण हैं या नहीं। गृह मंत्रालय ने 28 नवंबर को देर रात एक अधिसूचना जारी कर इस बात की जानकारी दी है। मंत्रालय द्वारा यह फैसला 15 दिन बाद लिया गया है। इससे पहले

**गठन**

**8 गुवाहाटी हाई कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार मेधी की सदस्यता में न्यायाधिकरण का गठन किया गया है।**

गृह मंत्रालय ने देश विरोधी गतिविधियों और सुरक्षा बलों पर घातक हमले करने के लिए मैतेई उग्रवादी समूहों और उनके सहयोगी संगठनों पर प्रतिबंध बढ़ा दिया था। मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम, 1967 की धारा 5 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए केंद्र सरकार ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार मेधी की सदस्यता में गैरकानूनी गतिविधियां न्यायाधिकरण का गठन किया है।

## पाकिस्तान में फातिमा बनी राजस्थान की अंजू वापस लौटी भारत



**अमृतसर।** पाकिस्तान में फातिमा बनी राजस्थान की अंजू चार माह बाद बुधवार को भारत लौट आई। अंजू को उसका पति नसरुल्ला पाकिस्तान स्थित वाघा बॉर्डर पर छोड़ने आया। इसी वर्ष 21 जुलाई को राजस्थान के जिला अलवर से वीजा लेकर पाकिस्तान गई थी। उसने 25 जुलाई को ही पाकिस्तान में नसरुल्ला से विवाह किया। इसके बाद अंजू फातिमा बन गई। जबकि राजस्थान में अंजू का भारतीय पति अरविंद और बच्चे यह सुनकर स्तब्ध रह गए। अटारी सीमा पर पहुंची अंजू ने कहा कि वह अपने बच्चों से मिलने आई है। दरअसल, अंजू व नसरुल्ला की दोस्ती चार वर्ष पूर्व इंटरनेट मीडिया के माध्यम से हुई थी। दोनों ने विवाह पर सहमति व्यक्त की।

## पांच वर्षों तक चलती रहेगी अन्न योजना: ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को सरकार की ओर से लिए गए अहम निर्णयों की जानकारी दी। अनुराग ठाकुर ने बताया है कि गरीब कल्याण अन्न योजना को 1 जनवरी 2024 से अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा। अंत्योदय परिवारों को प्रतिमाह 35 किलो खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। योजना से 81 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। आगामी पाँच वर्षों में योजना पर 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया जाएगा। इस योजना की शुरूआत कोविड 19 महामारी के



दौरान की गई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में लगभग 13.50 करोड़ भारतीय गरीबी के स्तर से ऊपर उठे। यह मोदी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करने की योजना को भी मंजूरी दी है। किसानों को सेवाएं प्रदान करने के लिए 2023-24 से 2025-2026 के दौरान 15,000 चयनित महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान किए जाएंगे।

**मंजूरी**


**8 केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करने की योजना को भी मंजूरी दी है।**

**सीएम की सख्ती** बैठक में लगभग 2500 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट और वस्तुओं की खरीद को दी गई मंजूरी

# मुख्यमंत्री मनोहर ने ली एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति और हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में लगभग 2500 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रेक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 22 करोड़ रुपये की बचत की गई है। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जेपी दलाल, ऊर्जा मंत्री श्री रणजीत सिंह, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता,



विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेंद्र सिंह बबली और श्रम राज्य मंत्री श्री अनूप धानक भी उपस्थित थे। हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में पुलिस, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, परिवहन, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, शहरी स्थानीय निकाय विभाग सहित विभिन्न विभागों के 12 एजेंडे तथा हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी में कुल 23 एजेंडे रखे गए और अधिकतर एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई।

**टोहाना में बनेगा 100 बिस्तरों का नया अस्पताल, लोगों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं:** फतेहाबाद जिले के टोहाना में 100 बिस्तरों वाला अस्पताल जल्द बनकर तैयार होगा। इसके बनने के बाद न केवल टोहाना बल्कि आस-पास के क्षेत्र के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया होंगी। इस संबंध में आज बैठक में अस्पताल के निर्माण कार्य के संबंध में लगभग 49 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रेक्ट को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा 52 सीटर 6 बसें तथा 32 सीटर 34 मिनी-बसों की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई। 55 पुलिस ट्रूप कैरियर की खरीद के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। विकास एवं पंचायत, लोक निर्माण विभाग, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड व अन्य विभागों के इंजीनियरिंग वर्क्स के लिए 343 करोड़ रुपये की सामग्री की खरीद को भी मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में जिला फरीदाबाद के सेक्टर-78 में अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यों, सड़क कार्य सहित अन्य विविध भवनों सहित सिविल कार्य आदि के लिए लगभग 350 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी प्रदान की गई।

# 'कोई भी अच्छी चीज मुफ्त में नहीं मिलती'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ के एक कार्यक्रम में रक्षा से संबंधित उपकरणों की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने सुना होगा कि दुनिया में कोई भी अच्छी चीज मुफ्त में नहीं मिलती है। हर चीज की कोई न कोई कीमत चुकानी होती है। रक्षा मंत्री ने कहा, 'मैं अपने विचार रखना चाहूंगा कि रक्षा से संबंधित उपकरणों में गुणवत्ता क्यों महत्वपूर्ण है। आप सभी ने यह कहावत तो सुनी ही होगी कि 'देयर इज नो फ्री लंच' यानी दुनिया में कोई भी अच्छी चीज मुफ्त में नहीं मिलती है। हर चीज की कोई न कोई कीमत होती है, जिसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चुकानी पड़ती है। बिल्कुल इसी तरह गुणवत्ता में सुधार के लिए भी मुफ्त में कुछ नहीं हो सकता।' उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष रूप से मतलब है कि अगर आप कोई अच्छा उपकरण बना रहे हैं तो बेहतर गुणवत्ता के लिए आपको अपने कौशल और कार्यबल में सुधार करना पड़ेगा। जब इन सब चीजों को मिलाकर किसी उपकरण को तैयार किया जाता है तो अच्छी गुणवत्ता में हमारे सामने आता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि वह उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। वहां एक कहावत है, जितना गुड़ डालोगो उतना ही मीठा होगा। यह कहावत हर जगह लागू होती है।



**विचार**

**8 जब इन सब चीजों को मिलाकर किसी उपकरण को तैयार किया जाता है तो अच्छी गुणवत्ता में हमारे सामने आता है।**

# कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी और बीजेपी विकास की गारंटी: नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**दीपिक शर्मा/ काजल रानी**

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने अपने नागरिक अभिनंदन के दौरान सोनीपत के रामलीला मैदान में मोदी और मनोहर सरकार के जनहितैषी कार्यों और विकास कार्यों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर विकास की गारंटी है। डबल इंजन की सरकार ने गरीबों को चिरायु और आयुष्मान कार्ड के जरिए निशुल्क इलाज की गारंटी दी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी कांग्रेस पर भी जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों को भ्रमित करने के लिए जो गारंटी दे रही है वह कभी पूरी नहीं होने वाली है। कांग्रेस अगर कोई गारंटी दे सकती है तो वह भ्रष्टाचार की गारंटी दे सकती है। उन्होंने कहा कि दिन रात काम करते हुए मोदी-मनोहर की डबल इंजन सरकार ने गरीबों के जीवन को सरल बनाया है।

सोनीपत पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के स्वागत में रोड शो निकाला। रोड शो के दौरान 20 से 25 स्थानों पर सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं व व्यापारियों तथा आम लोगों ने फूलमालाओं से श्री सैनी का स्वागत किया। बाइक पर सवार सैंकड़ों कार्यकताओं ने मोदी-मनोहर जिंदाबाद, भारत माता की जय, जय श्रीराम के नारों से सोनीपत को भाजपामय कर दिया। अपने स्वागत से गदगद श्री सैनी ने सभी का आभार जताया और 2024 में मोदी-मनोहर के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने का जनता से आह्वान किया।



रोड शो के बाद मंच पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का सांसद रमेश कौशिक, विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, पूर्व मंत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन, विधायक निर्मल चौधरी, जिला प्रभारी जवाहर सैनी और जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा नेताओं ने फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सोनीपत में मिले सम्मान पर बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि यह आज जो सम्मान सोनीपत में मिला है वह सम्मान मेरा नहीं बल्कि सभी कार्यकताओं का है। उन्होंने कहा कि जनता का उत्साह और कार्यकताओं के जोश ने तय कर दिया है कि 2024 में मोदी को देश की और मनोहर लाल को प्रदेश की कमान मिलनी निश्चित है। प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि मोदी मनोहर सरकार ने बेटियों के उज्जवल भविष्य के लिए जितने काम किए हैं उतने कभी किसी सरकार ने नहीं किए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निशुल्क शिक्षा का उपहार देकर गरीब बेटियों के चेहरे पर खुशियां लाने का काम किया है। श्री सैनी ने कहा कि जब भाजपा काम करती है तो यह देश और प्रदेश भरोसा करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार गरीब कल्याण के काम कर रही है। भाजपा सरकार का एक ही संकल्प है कि गरीब समर्थ बनें।

श्री सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की दुकान में सामान तो बचा नहीं है तो झूठी गारंटियां देनी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकान में किसानों को दो-दो रुपए के चेक मिले हैं। 2014 से पहले की कांग्रेस सरकार में नौकरियों में भ्रष्टाचार होता था। घरेलू गैस के लिए तीन-तीन दिनों तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता था। श्री सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार ने पारदर्शी शासन देकर भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई है। आज गैस के सिलेंडर घर-घर पहुंच रहे हैं। हरियाणा में युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के मैरिट के आधार पर नौकरियां मिल रही है। प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोनाकाल में 80 करोड़ परिवारों को राशन देने की गारंटी दी और अब राशन अगले पांच सालों तक भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अब पानी लेने दूर दराज नहीं जाना पड़ता, घर में ही नल से जल आ रहा है। गरीब महिलाओं को घूआं से मुक्ति दिलाने की गारंटी अगर किसी ने दी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी। मोदी सरकार में किसान समृद्ध हो रहे हैं। फसल खराब होने पर उसके मुआवजा की गारंटी मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा

# प्रदेश की जनता मेरा परिवार, जनसेवा को लेकर समर्पित भाव से कार्य कर रही सरकार : मनोहर लाल

## 4 प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश की जनता मेरा परिवार है, सेवा और संकल्प की भावना को लेकर सरकार हर वर्ग का कल्याण कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल बुधवार को फरीदाबाद में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में कुल 14 परिवाद रखे गए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की शिकायतों से जुड़े मामलों में कोर्ट लिटिगेशन की बजाय संबंधित व्यक्ति की समस्या के समाधान के लिए बेहतर विकल्प देकर तुरंत राहत पहुचाई जाए। उन्होंने कहा कि जनता को परेशान करने का अधिकार किसी को नहीं है। सरकार की सोच है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक सुखद महसूस करे।

श्री मनोहर लाल ने गांव मोहाना, नरहावली आदि गांवों की सिंचाई के लिए पानी से जुड़ी समस्या के लिये अविलंब समाधान के निर्देश दिए। साथ ही बिजली, सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आगामी 31 दिसम्बर तक रजवाहे का निरीक्षण करते हुए गाद निकालने, पम्प हाउस पर मोटरों की फिजिबलिटी चैक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सिंचाई और पेयजलापूर्ति को लेकर अंतिम टेल तक पानी पहुचाने के लिए प्रतिबद्ध है। हर खेत को पर्याप्त पानी मिले, इसको लेकर नहरों की क्षमता बढ़ाने का काम मौजूदा सरकार ने कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान खुशहाल हो इसके लिए सरकार द्वारा एमएसपी पर फसलों की खरीद की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार एक समान विकास कार्यों को बढ़ावा दे रही है। सरकार की सोच है कि विकास कार्यों पर खर्च की जाने वाली राशि का सदुपयोग हो और आम जनमानस को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिलें। उन्होंने कहा कि सोसायटी में रहने वाले नागरिकों को भी बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं बिल्डर द्वारा प्रदान की जाती हैं, अगर किसी सोसायटी में मूलभूत सुविधाएं देने में बिल्डर आनाकानी करते हैं, तो उसकी जांच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाते हुए सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी का निर्वहन ईमानदारी से करें। प्रदेश में भयमुक्त व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार कार्य कर रही है और जन भावनाओं का सम्मान करते हुए विकास कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध निर्माण किसी भी रूप से सहन नहीं होगा और जहां कहीं कोई अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण करता है तो तुरंत प्रभाव से एक्शन लिया जाए।

**जनसुनवाई**

**8 मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद में जिला लोक सम्पर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक में की जनसुनवाई।**

**बेसहारा गोवंश के संरक्षण के लिए सरकार सजग :** मुख्यमंत्री ने कहा कि गौधन के साथ ही बेसहारा गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य सरकार कृत संकल्प है। साथ ही गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार और गौसेवा आयोग प्रभावी रूप से काम कर रहा है। सरकार द्वारा गौ सेवा के बजट में 10 गुणा बढ़ोतरी करते हुए 400 करोड़ रुपए कर दिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि बेसहारा गौवंश की सेवा के लिए पंचायतें गौशाला बनवाने के लिए प्रस्ताव पास करते हुए गौसेवा आयोग और पशुपालन विभाग से सपर्क करें, ताकि गौसेवा के लिए आमजन मानस को जोड़ा जा सके। गौ सेवा से जुड़े संस्थान हमेशा नागरिकों के सहयोग से चलते हैं, जिनके लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आकर सहयोग के लिए हाथ बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल, बड़खल की विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, फरीदाबाद के विधायक श्री नरेंद्र गुप्ता, तिंगाव के विधायक श्री राजेश नागर, पृथला के विधायक श्री नयनपाल रावत, उपायुक्त श्री विक्रम सिंह, एचएसबीपी प्रशासक डॉ गरिमा मित्तल मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली सहित अन्य विभागाध्यक्ष व परिवेदना समिति के सरकारी, गैर सरकारी सदस्यगण मौजूद रहे।

# बैठक में 2500 करोड़ की खरीद

## ठेका मंजूरी में हुई 22 करोड़ की बचत

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) और हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में लगभग 2500 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रेक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से वार्ता के बाद दरें तय करके लगभग 22 करोड़ रुपये की बचत की गई है। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली और श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित थे।

हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में पुलिस, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (एचवीपीएनएल), उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन), परिवहन, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, शहरी स्थानीय निकाय विभाग सहित विभिन्न विभागों के 12 एजेंडे तथा हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी में कुल 23 एजेंडे रखे गए और अधिकतर एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई।

फतेहाबाद जिले के टोहाना में 100 बिस्तरों वाला अस्पताल जल्द बनकर तैयार होगा। इसके बनने के बाद न केवल टोहाना बल्कि आस-पास के क्षेत्र के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया होंगी। बैठक में अस्पताल के निर्माण कार्य के संबंध में लगभग 49 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रेक्ट को मंजूरी प्रदान की गई। इनके अलावा, बैठक में पुलिस विभाग द्वारा 52 सीटर 6 बसें तथा 32 सीटर 34 मिनी-बसों की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई। 55 पुलिस टूप कैरियर की खरीद के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई।

विकास एवं पंचायत, लोक निर्माण विभाग, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड व अन्य विभागों के इंजीनियरिंग वर्क्स के लिए 343 करोड़ रुपये की सामग्री की खरीद को भी मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में जिला फरीदाबाद के सेक्टर-78 में अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यों, सड़क कार्य सहित अन्य विविध भवनों सहित सिविल कार्य आदि के लिए लगभग 350 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी प्रदान की गई। करनाल स्मार्ट सिटी मिशन के तहत करनाल में खालसा चौक से हरियाणा नर्सिंग होम और वाल्मिकी चौक से अंबेडकर चौक तक रेलवे रोड पर फ्लाईओवर के निर्माण के संबंध में लगभग 122 करोड़ रुपये और जिला पंचकूला के सेक्टर-5 में राज्य पुस्तकालय भवन के निर्माण कार्य के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रेक्ट को स्वीकृति दी गई।

# गुरूग्राम श्रीमद्भागवद कथा : राजा बलि का अभिमान तोड़ने के लिए हुआ वामन का अवतार

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/ गुरुग्राम**

**गुरुग्राम के** लेजरवैली पार्क में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के तीन दिन महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज ने बलि वामन प्रसंग के अलावा प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया।



ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज ने जब व्यक्ति में अहंकार बढ़ जाता है तब दान का महत्व घट जाता है। उन्होंने कहा कि वामन अवतार कथा हमें दान का महत्व और अहंकार से दूर रहने का उपदेश देती है। तीसरे दिन की कथा में पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर व भाजपा नेता यशपाल बतरा मुख्य अतिथि रहे। श्री बतरा ने कहा भागवत ही हमें सही मायने में जीवन के सच से अवगत कराती है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को भागवत कथा में भाग लेना चाहिए। वामन अवतार की चर्चा करते हुए बुधवार को अखंड परमधाम के संस्थापक एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र श्रीधाम अयोध्या ट्रस्ट के मुख्य स्थाई सदस्य श्री परमानन्द गिरी जी महाराज के सानिध्य में अखंड परमधाम के मुख्य संरक्षक महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज ने कहा कि भक्त प्रह्लाद का जन्म दैत्यासुर हिरण्यकश्यपु की पत्नी कयाधु के गर्भ से हुआ था। दैत्यकुल में जन्म लेने के बाद भी भक्त प्रह्लाद श्रीहरि विष्णु को ही ईश्वर मानते थे। वे नित्य नियमानुसार उनकी आराधना करते थे जिस कारण हिरण्यकश्यपु प्रह्लाद पर अत्यंत क्रोधित रहता था। वह हमेशा प्रह्लाद से कहता था कि इस पृथ्वी के ईश्वर हम हैं। लेकिन भक्त प्रह्लाद पिता के लाख समझाने के बावजूद श्रीहरि विष्णु को ही ईश्वर मानता था। पिता ने अनेकों बार भक्त प्रह्लाद को मृत्युदंड देने की कोशिश की। लेकिन हर बार श्रीहरि विष्णु किसी न किसी रूप में आकर उसे बचा लेते थे। ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज ने कहा कि हिरण्यकश्यपु को अपने अमर होने का भ्रम था। श्रीहरि विष्णु ने दैत्यासुर के वध के लिए नरसिंह रूप धारण किया और उसका वध करके उसे मोक्ष प्रदान किया।

# युवाओं के लिए यात्रायें आयोजित करने पर केंद्रित है युवा संगम कार्यक्रम : राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

**हरियाणा के** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गत सांयकाल हरियाणा राजभवन में भारत सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत मिशन के तहत युवा संगम कार्यक्रम (तृतीय चरण) की मेजबानी करते हुए झारखंड के 24 जिलों से हरियाणा प्रदेश के राजकीय भ्रमण पर आए 60 प्रतिभागियों और संकाय समन्वयकों एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरूक्षेत्र के विभिन्न अधिकारियों से बातचीत करते हुए दोनों राज्यों की महान संस्कृति, परंपराओं, संगीत, पर्यटन, व्यंजन, खेल और स्थानीय प्रथाओं को साझा किया। राज्यपाल हरियाणा ने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत युवा संगम कार्यक्रम की संकल्पना लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव को मजबूत करने और युवाओं के बीच सदभाव पैदा करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि युवा संगम कार्यक्रम युवाओं के लिए यात्रायें आयोजित करने पर केंद्रित है, जिसमें मुख्य रूप से उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र और देश भर से भारत के विभिन्न राज्यों के कुछ ऑफ-कैंपस युवा शामिल हैं।



राज्यपाल ने कहा कि देश के यशस्वी एवं ओजस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा चलाये गए एक भारत श्रेष्ठ-भारत कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न राज्यों, केंद्र-शासित प्रदेशों के लोगों के बीच आपसी संवाद/बातचीत और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। सभी राज्य सांस्कृति, परंपराओं, संगीत, शिक्षा पर्यटन, व्यंजन, खेल और स्थानीय प्रथाओं को साझा करने के लिए एवं सांस्कृतिक संबंध को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि युवा-संगम में हरियाणा को झारखंड के साथ जोड़ा गया है और एनआईटी कुरुक्षेत्र एवं आईआईआईटी रांची को क्रमशः हरियाणा और झारखंड के नोडल केंद्र के रूप में नामित किया गया है। इस युवा-संगम से झारखंड राज्य के छात्रों को हरियाणा का बहुआयामी अनुभव और सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त होगा और हरियाणा की संस्कृति को अच्छे से जानने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि युवा संगम का पहला चरण 25 संस्थानों के लगभग 1200 युवाओं की भारी भागीदारी के साथ संपन्न हुआ था, जिसमें उत्तर-पूर्वी क्षेत्र पर मुख्य ध्यान केंद्रित करते हुए भारत के 22 राज्यों का दौरा आयोजित किया गया। युवा संगम के दूसरे चरण के दौरान, 23 राज्यों व केंद्र-शासित प्रदेशों को कवर करने वाले 20 दौरों में करीब 1000 युवाओं और समन्वयकों ने भाग लिया।

# धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई के लिए युवक ने लगाई गुहार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज से न्याय की आस लेकर आज अंबाला में उनके आवास पर पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो निवासी युवक पहुंचा जिसने बरवाला (पंचकूला) की फर्म पर 25 लाख रुपए धोखाधड़ी के आरोप लगाए। श्री विज बुधवार को अंबाला में प्रातः अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। बुर्किना फासो निवासी युवक ने गृह मंत्री श्री अनिल विज को अपनी शिकायत देते हुए बताया कि उसे अपने कारोबार के लिए प्रिंटिंग मशीन की जरूरत थी और इसके लिए उसने बरवाला की फर्म से बातचीत की थी। फर्म ने उसे मशीन दिखाई और इसे एक्सपोर्ट करने का वायदा किया था। अफ्रीकी देश निवासी युवक का आरोप था कि फर्म संचालकों ने उससे अलग-अलग तारीखों में कुल 25 लाख रुपए बतौर एडवांस लिए, मगर इसके बाद न तो मशीन एक्सपोर्ट की गई और न ही उसे राशि वापस मिली। गृह मंत्री श्री अनिल विज ने पंचकूला पुलिस कमिश्नर को मामले में जांच के निर्देश दिए। इसी तरह, रेवाड़ी से आए परिवार ने अपने भाई की हत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने के आरोप लगाए। उनका आरोप था कि हत्या मामले में केवल एक आरोपी को ही पकड़ा गया है, गृह मंत्री श्री अनिल विज ने रेवाड़ी एसपी के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर मामले की जांच के निर्देश दिए। I ने गृह मंत्री श्री अनिल विज को बताया कि उसके बेटे की हत्या की गई है जबकि सड़क हादसा दिखाकर मामले में कार्रवाई नहीं की जा रही है। उसने बताया कि कुछ युवक उसके बेटे को परेशान कर रहे थे और उसे हत्या का अंदेशा है। गृह मंत्री ने यमुनानगर एसपी को एसआईटी गठित कर मामले की जांच के निर्देश दिए। यमुनानगर से आई महिला ने अम्बाला के बराड़ा स्थित एक एजेंट पर कबूतरबाजी का आरोप लगाया। उसका आरोप था कि उसके बेटे को कनाडा भेजने के लिए एजेंट ने 25 लाख रुपए मांगे जोकि उन्होंने उसे दिए।

**जांच...**

**8 रेवाड़ी में हत्या के एक मामले में गृह मंत्री ने एसपी रेवाड़ी के नेतृत्व में एसआईटी को सौंपी जांच।**



हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव और सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल जिला फरीदाबाद के फतेहपुर बिलोच गांव में विकसित भारत-जन संवाद संकल्प यात्रा की तैयारियों का जायजा लेते हुए।

# 30 नवंबर से होगा प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज

**चण्डीगढः** विकसित भारत संकल्प यात्रा 30 नवंबर से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के हर नागरिक तक केंद्र व प्रदेश सरकार की 9 साल की उपलब्धियों पर जागरूकता कार्यक्रम लेकर पहुंच रही है। लगातार 26 जनवरी 2024 तक चलने वाले कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए सरकार पूरी तरह से सजग है और यात्रा में हर नागरिक प्रभावी ढंग से अपनी जिम्मेवारी निभाएगा। सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा राज्य में संकल्प यात्रा का आगाज गुरुवार 30 नवंबर को मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल फरीदाबाद से करेंगे।

# सहायक प्रोफेसर की भर्तियां बंद करने का रचा जा रहा षड्यंत्र: कुमारी सैलजा

## 4 सरकारी कॉलेजों में 60 प्रतिशत से अधिक पद खाली, ठेके पर नियुक्ति की हो रही तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में शैक्षणिक स्टाफ के 60 प्रतिशत से अधिक पद खाली पड़े हैं। इन सभी को नियमित भर्ती से भरने की बजाए कुछ पदों को ठेके से भर्ती कर भरने की प्लानिंग की जा रही है, जबकि कुछ पदों पर एडिड कॉलेजों में तैनात नियमित स्टाफ को समायोजित करने की तैयारी है। भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार यह सब सरकारी कॉलेजों में सहायक



प्रोफेसर की भर्ती बंद करने के षड्यंत्र के तहत कर रही है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में साल 2019 में सिर्फ 524 पदों पर कुछ ही विषयों में आखिरी बार सहायक प्रोफेसर की भर्ती की गई थी। आधे से अधिक विषय ऐसे बचे हैं, जिनकी वैकेंसी 2016 के बाद से ही नहीं आई हैं। सरकारी कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर के 8137 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 4738 पद रिक्त हैं। निदेशक उच्चतर शिक्षा ने 1535 रिक्त पदों को भरने के लिए 02 सितंबर 2022 को आग्रह पत्र एचपीएससी को भेजा, लेकिन यूजीसी की गाइडलाइन में संशोधन का हवाला देकर भर्ती को वापिस मंगा लिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक साल बीतने के बाद भी उक्त नियमों में संशोधन की प्रक्रिया को विभाग पूरा नहीं कर पाया है। पक्की भर्ती करने से बचने लिए गठबंधन सरकार प्रदेश के एडेड कॉलेजों के पूर्ण समायोजन की बजाए इनमें मौजूद नियमित स्टाफ को सरकारी कॉलेजों में मर्ज.करने जा रही है। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के 97 एडेड कॉलेज में टीचिंग स्टाफ के 2932 व नॉन टीचिंग स्टाफ के 1664 पद हैं। इनमें 2 लाख के आसपास छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन में स्टाफ नियमित व सरकारी होने के कारण ही इन्हें राज्य व केंद्र सरकार से अनुदान मिलता है, ताकि विद्यार्थी सस्ती व अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त कर सकें। गठबंधन सरकार की योजना सिरे चढ़ गई तो फिर एडेड कॉलेज पूरी तरह निजी हो जाएंगे, क्योंकि सरकार स्टाफ के समायोजन के साथ ही एडेड कॉलेज से इन पदों को ही खत्म कर दिया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### लघु सचिवालय के दूसरे भवन में आज होगा मॉक ड्रिल का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**प्राकृतिक आपदा की** स्थिति से निपटने के लिए 30 नवंबर को आयोजित की जाने वाली मॉक ड्रिल को लेकर आज यहां जिला लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपदा की स्थिति में हर विभाग को अपनी जिम्मेदारी व भूमिका के बारे में पता होना चाहिये ताकि प्रभावित लोगों को समय पर सहायता पहुंचाई जा सके।

इस मौके पर एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) के इंस्पेक्टर राहुल प्रताप सिंह ने बताया कि 30 नवंबर को सुबह 11 बजे मॉक ड्रिल उपायुक्त कार्यालय के सामने वाले लघु सचिवालय के दूसरे भवन में आयोजित की जायेगी। मॉक ड्रिल में यह प्रदर्शित किया जायेगा कि 6.6 तीव्रता का भूकंप आने की स्थिति में क्या कदम उठाये जायें और कैसे प्रभावित लोगों की सहायता की जाये। कार्यक्रम करीब एक घंटे का होगा।

उन्होंने कहा कि ऐसी प्राकृतिक आपदा के समय अन्य विभागों को भी अपनी जिम्मेदारी का अहसास होना चाहिये। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से अपील की कि कल मॉक ड्रिल के वक्त वे मौजूद रहें। उन्होंने बताया कि इस समय देश में एनडीआरएफ(नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स)की 16 यूनिट कार्यरत हैं। इनका मुख्य उद्देश्य भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, आगजनी, बर्फबारी आदि के समय लोगों की सहायता करना है।

बैठक में एसडीएम अनुभव मेहत्ता, डीडीपीओ राजबीर खुडिंया, डीआरओ श्याम लाल, डीईओ राजपाल, रोडवेज महाप्रबंधक कुलदीप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा का बरत गांव सालवन से होगा शुभारंभ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अतिरिक्ति उपायुक्त** एवं नोडल अधिकारी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा का 30 नवंबर को प्रातः 9 बजे गांव सालवन के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण से शुभारंभ होगा। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त ने बुधवार को दोपहर बाद कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अच्छी गुणवत्ता का साउंड सिस्टम, वीडिया का सही तरीके से प्रसारण तथा कार्यक्रम स्थल पर एक अतिरिक्त एलईडी लगवाई जाए। उन्होंने बताया कि जन संवाद की तर्ज पर इस यात्रा के दौरान लोगों की शिकायतों व समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा तथा हैल्थ कैंप भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए स्टॉल भी लगाई जाएगी।

डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि सबसे पहले वैन के गांव में पहुंचने पर गांव की समिति द्वारा स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि मंच संचालक द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी जाएगी। तदुपरांत ऑडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया जायेगा। फिर विकासात्मक गतिविधियों पर आधारित फिल्म (ग्रामीण) प्रदर्शित की जायेगी जिसकी अवधि दस मिनट की होगी। इसके बाद लोक कलाकारों द्वारा कार्यक्रम पेश किया जायेगा। मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत गांव के लाभार्थियों द्वारा अनुभव सांझा किये जाएंगे। इसके लिये दस मिनट का समय निर्धारित किया गया है। अनुभव प्रस्तुति के बाद बीस मिनट की अवधि वाली विकासात्मक गतिविधियों पर आधारित हरियाणवी फिल्म दिखाई जायेगी।

उन्होंने बताया कि इसके बाद ड्रोन प्रदर्शन/प्रगतिशील किसानों से बातचीत और लोक कलाकारों द्वारा दूसरी प्रस्तुति पेश की जायेगी। फिर विद्यार्थियों के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन मौके पर ही किया जायेगा। प्रतियोगिता में अव्वल विद्यार्थियों को कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जाएगा। इसके बाद संकल्प शपथ का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि संकल्प शपथ में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। शपथ के बाद गांव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही मेधावी छात्र, खिलाड़ी, उत्कृष्ट महिलाएं, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता, शहीदों के परिजन, सेवानिवृत्त सेना व पुलिस अधिकारी आदि का सम्मान किया जायेगा।

# शांतिपूर्ण माहौल में होंगी विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली परीक्षाएं: अनीश यादव

## एचटीईटी के नकलरहित एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन ने किए पुख्ता प्रबंध

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 2 व 3 दिसंबर को विभिन्न स्तरों के लिए आयोजित करवाई जा रही हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलरहित एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के मद्देनजर बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में परीक्षा केन्द्र अधीक्षकों व ड्यूटी मैजिस्ट्रेटों की संयुक्त बैठक ली और उनकों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्र अधीक्षक हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा को



लेकर शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी की गई हिदायतों की दृढ़ता से पालना करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला में 13 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए है। जिनमें 7 हजार 916 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार को इस लिखित परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**लिखित परीक्षा के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट-कम-फलाईंग क्वॉयड ऑफिसर किए नियुक्त**

उपायुक्त अनीश यादव द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को नकलरहित एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए डीएवी पीजी कॉलेज ब्लॉक बी 1 व बी 2 तथा गुरू नानक खालसा कॉलेज रेलवे रोड करनाल ब्लॉक बी1 व बी 2 के लिए पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता परमिंदर सिंह, दयाल सिंह कॉलेज करनाल ब्लॉक बी 1 व बी 2 तथा दयाल सिंह पब्लिक स्कूल दयाल सिंह कॉलोनी करनाल-6 व दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सैक्टर 7 अर्बन अस्टेट करनाल-7 के लिए एचवीपीएनएल के कार्यकारी अभियंता रणदीप सिंह चौहान, गुरूतेग बहादुर पब्लिक स्कूल मॉडल टाउन करनाल, निशान पब्लिक स्कूल करनाल, डीएवी सेंच्यूरी पब्लिक स्कूल इन्द्री रोड करनाल के लिए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सतपाल तथा गुरू हरिकिशन पब्लिक स्कूल सैक्टर 13 व जैनगर्ल सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल दयालपुरा गेट रेलवे रोड करनाल के लिए काडा के कार्यकारी अभियंता हरिदेव काम्बोज को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट-कम-फ्लाईंग क्वॉयड ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी गौरव कुमार, डीएसपी नायब सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी व शिक्षा बोर्ड भिवानी के अधीक्षक विक्रम सिंह सहित सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

## करनाल जिला पुलिस ने दो पीओ अपराधियों को किया गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देश अनुसार जिला में पीओ बेल जंपर को पकड? का विशेष अभियान चलाया हुआ है। इन्हीं निर्देशानुसार कार्य करते हुए थाना सिविल लाइन की टीम ने दो पीओ अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जिनको आज न्यायालय में पेश किया गया।

जिला पुलिस के सभी थानों और पीओ स्टाफ की टीम द्वारा प्रतिदिन पीओ-बेल जंपर अपराधियों को पकड़ा जा रहा है। 29 नवंबर को थाना सिविल लाइन की टीम ने जेएमआईसी पवनदीप कौर द्वारा अदालत के आदेशों की उलंघना करने वाले पीओ आरोपी नहीम अली पुत्र खुर्शीद वासी गढ़ी बेसिक पानीपत को गिरफ्तार किया। आरोपी नहिम को कोर्ट के आदेशों की उल्लंघना करने पर जेएमआईसी पवनदीप कौर द्वारा 15 अगस्त 2021 को पीओ घोषित किया गया था। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में 15 अगस्त 2021 को आईपीसी की धारा-174ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

दूसरे मामले में आरोपी बलदेव पुत्र गुरचरण सिंह वासी अमूपुर करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी बलदेव को कोर्ट के आदेशों की उल्लंघना करने पर जेएमआईसी गुलशन वर्मा द्वारा 26 नवंबर को पीओ घोषित किया गया था। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में 26 नवंबर को आईपीसी की धारा-174ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## गांव भादसो के ग्राम सचिवालय में हुआ कैम्प का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अतिरिक्त उपायुक्त** करनाल डॉ. वैशाली शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को गांव भादसो के ग्राम सचिवालय में विमुक्त घुमंतु जाति एवं समाज के सभी वर्गों के व्यक्तियों के लिए कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक 80 व्यक्तियों से आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

जिला कल्याण अधिकारी कृष्णा भारद्वाज ने बताया कि कैंप में जिला कल्याण विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास, निर्वाचन विभाग, परिवार पहचान पत्र, क्रिड विभाग ने अपने विभागों की स्कीम व योजनाओं की उपस्थित व्यक्तियों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में दल सिंह मल्ला, एडवाईजर, डीएनटी बोर्ड, बलबीर सिंह, सदस्य, डीएनटी बोर्ड एवं गुरनाम सिंह, सरपंच तथा अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिसमें उपस्थित व्यक्तियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी स्कीमों के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि यह कैंप 30 नवंबर को भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग शिविर में पहुंचकर सरकार की योजनाओं का लाभ लें। शिविर के माध्यम से घुमंतु जाति से संबंधित परिवारों के आधार कार्ड, वोटर कार्ड तथा परिवार पहचान पत्र से संबंधित त्रुटियों को ठीक करवाया जाएगा और इसके अलावा सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं बारे विस्तृत जानकारी दी जाएगी। सरकार की योजनाओं के लिए पात्र परिवारों के आवेदन करवाने भी सुनिश्चित किए जाएंगे, ताकि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

## अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के नाम पर रुपए हड़पने वाला काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना साइबर** की टीम द्वारा फेसबुक पर वीडियो कॉल कर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करके रुपए हड़पने वाले आरोपी अरशद पुत्र हामिद वासी जंघवाली, शेरगढ़ थाना मथुरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में शिकायतकर्ता हिमांशु वासी करनाल ने 7 मार्च 2022 में शिकायत दी थी कि उसकी फेसबुक आईडी पर रिया कुमारी नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी, जिसको एसेप्ट करने पर शिकायतकर्ता के पास वीडियो कॉल आती है। वीडियो कॉल आने के दौरान की आरोपी पक्ष द्वारा वीडियो बना ली जाती है। आरोपी शिकायतकर्ता को ब्लैकमेल करता है और उस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की एवज में रुपयों की डिमांड करता है।

## सीजेएम जसबीर ने किया उपमण्डलीय विधिक सेवा कमेटी असंध का दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्य** न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर उपमण्डलीय विधिक सेवा कमेटी असंध पंहुची। यहां पंहुचने पर उपमण्डलीय विधिक सेवा कमेटी असंध की अध्यक्ष इरम हसन ने उनका स्वागत किया।

सुश्री जसबीर ने उपमण्डलीय विधिक सेवा कमेटी असंध में चलाए जा रहे मध्यस्ता केंद्र व कानूनी सहायता केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पैनल अधिवक्ताओं व मैडिएटरस की एक बैठक ली। उन्होंने पैनल अधिवक्ताओं व मैडिएटरस के साथ बातचीत की व नए नियुक्त हुए मैडिएटरस को मैडिएशन प्रणाली



संबंधी अपने अनुभव बताए और उन्हें मध्यस्थता प्रणाली को सफल बनाने हेतू प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बंदियों को प्रदान की जाने वाली मैडिकल सुविधाओं व मुफ्त कानूनी सेवाओं बारे बातचीत की और अदालतों में रिमांड के दौरान अंडरटायलस को प्रदान की जाने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं बारे बातचीत की। उन्होंने बताया कि जिला एडीआर सैंटर में स्थापित कानूनी सहायता केन्द्र पर कोई भी व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह प्राप्त कर सकता है। मुफ्त कानूनी सलाह के लिए हैल्पलाइन नंबर 1844-2266138 पर भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कोई भी गरीब व्यक्ति, स्त्री, बच्चा, आरक्षित वर्ग, वरिष्ट नागरिक, किन्नर, विकलांग, स्वतंत्रता सैनानी इत्यादि मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने के हकदार है।

## 1 को होगी फूसगढ़ गौशाला में दुधारू गाय खरीदने की खुली बोली: अरुण भार्गव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** की देखरेख में संचालित फूसगढ़ स्थित गौशाला में मौजूद दुधारू व गर्भावस्था गाय खरीदने की खुली बोली आगामी 1 दिसंबर को गौशाला परिसर में की जाएगी। इससे पहले भी पांच बार बोली करवाई जा चुकी है। कोई भी व्यक्ति बोली में भाग लेकर अपनी पसंद की गाय खरीदकर गौ सेवकबन सकता है। उप निगम आयुक्त अरूण भार्गव ने बताया कि अब तक हुई बोलियों में कुल 62 गाय, करीब 6 लाख 33 हजार रुपये में बिक चुकी हैं। उन्होंने बताया कि गौशाला में अभी भी करीब 35 दुधारू व गर्भावस्था की गाय मौजूद हैं, जिनकी ब्रिकी के



लिए 1 दिसंबर 2023 को खुली बोली करवाई जाएगी। बोली का समय प्रातः 10 बजे रहेगा। बोली को लेकर तय किए गए नियमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति खुली बोली में भाग ले सकता है। इसके लिए 5 हजार रुपये की प्रतिभूति राशि जमा करवानी होगी। रिजर्व प्राईस भी 5 हजार रुपये रखा गया है। एक सिक्योरिटी पर 2 गायों की बोली दे सकते हैं। बाकि के नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी। लेकिन बोली के बाद गाय लेने से मना करने पर सिक्योरिटी राशि वापिस नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि फूसगढ़ स्थित गौशाला में गायों की संख्या बढ? के कारण बोली के माध्यम से इनकी ब्रिकी करने की योजना बनाई गई थी। हालांकि इनकी देखरेख के लिए गौशाला में सभी इंतजाम मौजूद हैं। इनमें दुधारू व गर्भवती गाय हैं, जितनी गाय बिकती रहेंगी, उनकी जगह सडक पर भटकती गायों को उठाकर इसमें रखा जा सकता है।

गायों की बोली के लिए कमेटी गठित- उन्होंने बताया कि गायों की बोली को लेकर जो प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी, उसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें वरिष्ठद्द लेखा अधिकारी, सचिव, मुख्य सफाई निरीक्षक व गौशाला के केयर टेकर शामिल गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फूसगढ़ स्थित गौशाला में इस समय करीब 650 गाय और 450 नंदी मौजूद हैं व सभी स्वस्थ्य अवस्था में हैं। उप निगमायुक्त ने बताया कि गायों को पकड़ने का अभियान सफाई शाखा द्वारा नियमित तौर पर चलाया जाता है।

## हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा के दृष्टिगत जिले में धारा-144 रहेगी लागू : जिलाधीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिलाधीश अनीश** यादव ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटीईटी-2023) शनिवार 2 दिसम्बर को लेवल-3 पीजीटी-लेक्चरर के लिए दोपहर बाद 3 बजे से सायं साढे 5 बजे तक तथा रविवार 3 दिसम्बर को लेवल-2 टीजीटी के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर साढे 12 बजे तक और लेवल-1 पीआरटी के लिए दोपहर बाद 3 बजे से सायं साढे 5 बजे तक परीक्षाएं आयोजित होंगी। उक्त परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में आपराधिक अधिनियम 1973 की धारा 144 के तहत परीक्षा केन्द्रों के निकट निषेधाज्ञा आगामी 2 व 3 दिसम्बर के लिए लागू कर दी है।

जिलाधीश ने यह आदेश परीक्षा को नकलरहित व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के उद्धेश्य से जनहित में जारी किये हैं। जारी आदेशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में 5 या 5 से अधिक व्यक्ति एक स्थान पर इक्कठे खड़े नहीं होंगे, किसी भी व्यक्ति के अग्रिशस्त्र, तेज हथियार लाठी, भाला, बरछा, जेली, गंडासा, चाकू आदि अन्य घातक हथियारों को लेकर चलने पर पाबन्दी रहेगी। यह आदेश डयूटी पर तैनात पुलिस व अन्य कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। आदेशों में कहा गया है कि परीक्षा के दौरान 200 मीटर की परिधि के अन्तर्गत आगामी 2 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे से सायं साढ़े 5 बजे तक तथा 3 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजकर 30 मिनट तक सभी फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेगी। आदेशों की अनुपालना न करने वाले व्यक्ति पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## स्वस्थ रहने के लिए योग नेचरोपैथी को अपनाएः पुंज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा योग** आयोग तथा आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान तथा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय नेचुरोपैथी मास के शुभ अवसर पर निसिंग ब्लॉक के गुरु तेग बहादुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज योग नेचरोपैथी वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 130 बच्चों तथा स्टाफ ने भाग लिया। सर्वप्रथम स्कूल के प्रिंसिपल अमरीक सिंह, वाइस प्रिंसिपल मनोज कुमार तथा डीपीई संजय कुमार ने आयुष विभाग के डॉक्टरों का स्वागत और अभिनंदन किया तथा इस शुभ अवसर पर उनके विद्यालय का चयन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। पतंजलि योग समिति निसिंग के प्रभारी रविकांत शर्मा ने बच्चों को योग की उपयोगिता के बारे में विस्तार से समझाया तथा नेचुरोपैथी को और योग को जीवन जीने की कला के बारे में बताया।

## करनाल: चोरी के अलग-अलग मामलों में दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**थाना** असंध की टीम द्वारा दो अलग-अलग चोरी के मामलो में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पहले मामले में मुख्य सिपाही किताब सिंह थाना असंध की अध्यक्षता में टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी किस्मत पुत्र बलवान सिंह वासी रिसालवा को सलवान से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से सुअर को बेचने पर प्राप्त हुई पांच हजार नगद राशि बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ में पाया गया कि आरोपी किस्मत ने शिकायतकर्ता सुरेश वासी सलवान के घर में



घुसकर 19 नवंबर को सुअर चोरी किया था। चोरी के बाद आरोपी किस्मत ने सुअर को बेच दिया था। इस संबंध में नामालुम आरोपी के खिलाफ थाना असंध में मुकदमा दर्ज किया गया था।

दूसरे मामले में थाना असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी गुरदीप पुत्र राममेहर वासी रामनगर कॉलोनी असंध को नजदीक श्री राम हॉस्पिटल सलवान रोड से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से स्टार्टर, ट्यूबवेल मोटर और तार बरामद की गई। मामले की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि आरोपी गुरदीप ने शिकायतकर्ता भूपेंद्र वासी वार्ड नंबर 8 के घर में घुसकर स्टार्टर, ट्यूबवेल मोटर, तार आदि चोरी करके वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना असंध में नामालुम आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी नशा करने का आदी है। आरोपी पहले भी चोरी की एक वारदात को अंजाम दे चुका है। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# आयोग द्वारा ईआरओ नेट-2.0 वेब एप्लीकेशन की दी गई ट्रेनिंग

## अंबाला व करनाल डिविजन के सभी निर्वाचन अधिकारी हुए शामिल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारत निर्वाचन** आयोग द्वारा ईआरओ नेट-2.0 वेब एप्लीकेशन वर्जन लॉच किया गया है। अब इस एप्लीकेशन के माध्यम से नई वोट बनाने एवं वोटों के पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा। इस नए पोर्टल पर वोटों के पुनरीक्षण कार्य को लेकर हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की टीम द्वारा बुधवार स्थानीय कर्ण लेक पर स्थित सभागार में अंबाला व करनाल डिविजन के सभी निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस ट्रेनिंग में अंबाला, यमुनानगर, पंचकुला, करनाल,



कुरूक्षेत्र, कैथल तथा पानीपत जिला के सभी निर्वाचन अधिकारियों ने भाग लिया। हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की टीम द्वारा सभी संबंधित निर्वाचन अधिकारियों को ईआरओ नेट-2.0 पोर्टल की जानकारी विस्तार से दी गई है।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा उपरोक्त कार्य पहले केवल ईआरओ नेट वर्जन में किया जाता था। इस कार्य को और सुदृढ़ करने के लिए अब भारतीय चुनाव आयोग द्वारा इसका 2.0 वेब एप्लीकेशन लॉच किया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस पोर्टल के संबंध में सभी जिलों में कार्य कर रहे बीएलओ को भी जानकारी दे दी जाएगी। इस पोर्टल पर वोटों के कार्य को लेकर आवश्यक 6, 7 व 8 नम्बर फॉर्म पर भरी गई जानकारी को आसानी से अपडेट किया जा सकेगा। इसी कड़ी में इस पोर्टल पर डैशबोर्ड ई-रोल व कंट्रोल टेबल सहित विभिन्न एप्लीकेशनों में वोट से संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध हो जाएगी।

इस अवसर पर एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, तहसीलदार असंध सुमनलता व तहसीलदार चुनाव जयकिशन सहित सभी संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय युवा संसद और राष्ट्रीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला शिक्षा** एवं प्रशिक्षण संस्थान, शाहपुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता के तीसरे दिन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घरौंडा में राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2023 और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फुरलक में राष्ट्रीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता 2023 के अंतर्गत खंड घरौंडा द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, शाहपुर से बृजेश वत्स ने प्रतिभागियों से बातचीत की एवं शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में अभिनय के दौरान छात्रों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दे संसद में उठाए। कार्यवाही में प्रश्न काल और शून्य काल का आयोजन किया गया, जिसमें इसराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध और रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के भारत पर पड? वाले संभावित परिणामों पर चर्चा की गई एवं सवाल जवाब किए गए। कृषि के क्षेत्र में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने और उनकी समस्याओं के समाधान संबंधी सवाल जवाब विपक्ष ने सत्ता पक्ष से किया वहीं पर्यावरण और घटती वायु स्तर को लेकर के भी संसद में बहस की गई। कृषि में किस प्रकार से उत्थान किया जा सकता है एवं कुछ समय पहले घटित रेल दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर के भी सवाल उठाए गए और इस पर सत्ता पक्ष ने जवाब दिए। प्रतिभागियों द्वारा संसद में विधेयक लाकर पर बहस की गई और उसे पारित किया गया। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फुर्रलक में राष्ट्रीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता में प्रस्तुति देते हुए छात्र-छात्राओं ने एक आदर्श ग्राम पंचायत की मीटिंग का नमूना अभिनय द्वारा प्रस्तुत किया जिसमें सरपंच, पंच, ग्राम सभा के अन्य सदस्यों, ग्राम सचिव और विभिन्न अधिकारियों के अभिनय में छात्र-छात्राएं नजर आए।

## संपादकीय

# विधानसभा चुनावो में दिखाया कांग्रेस ने दम

**देश** के पांच राज्यो के विधानसभा चुनावो में कांग्रेस ने अपनी ताकत का एहसास कराया है। कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने भारी बहुमत से अपनी सरकार बनाकर भाजपा को जबरदस्त पटकनी दी थी। तभी से लगने लगा था कि कांग्रेस धीरे-धीरे अपनी स्थिति सुधार रही है। वहीं केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा का पराभव प्रारंभ हो चुका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जब भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ की थी तो किसी को सपने में भी गुमान नहीं था कि उनकी यात्रा को आमजन का इतना जन समर्थन मिलेगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने कमजोर होती कांग्रेस में एक नई जान फूंकने का काम किया है। पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव के ट्रेलर के रूप में देखा जा रहा है। इन राज्यों के नतीजे का असर अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। सबसे बड़ी बात 26 विपक्षी दलों द्वारा बनाए गए इंडिया गठबंधन अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को कितनी बड़ी चुनौती दे पाएगा इसका पता भी इन विधानसभा चुनाव के परिणामों से लग जाएगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम में विधानसभा की कुल 679 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में कांग्रेस प्राय सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। हिंदी भाषी बेल्ट माने जाने वाले राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस की भाजपा से सीधा मुकाबला है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने इन तीनों प्रदेशों में सरकार बनाई थी। मगर भाजपा ने षडयंत्र पूर्वक मध्यप्रदेश की सरकार को गिरकर शिवराज सिंह चैहान के नेतृत्व में अपनी सरकार बना ली थी। अब इन तीनों ही प्रदेशों में एक बार फिर कांग्रेस व भाजपा में सीधा मुकाबला हो रहा है। यहां मतदान हो चुका है। मतदान के प्रारंभिक रुझानों से लगता है कि कांग्रेस मजबूत बनकर उभर रही है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस ने पिछले दो वर्षों में बहुत सी जनहितकारी योजनायें शुरू की थी। जिसका असर इन चुनाव में भी देखने को मिला है। चुनाव के दौरान राजस्थान में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता से सात वायदे किए हैं तथा कहा है कि यदि फिर से कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह इन वादों को लागू करेगी। यह सभी वायदे आमजन को खासा प्रभावित कर रहे हैं। राजस्थाना में कांग्रेस ने कमजोर स्थिति वाले बहुत से विधायकों का टिकट काट कर नए लोगों को मौका दिया है। जिससे सरकार के प्रति व्याप्त नाराजगी समाप्त हुई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस तरह से चुनावी चक्रव्यूह की रचना की थी जिसमें भाजपा के दिग्गज नेता भी उलझ कर रह गए। कई बड़े जाट नेताओं के भाजपा में जाने के बावजूद कांग्रेस पार्टी ने जाट समाज के लोगों को बढ़ चढ़कर टिकट दिया थां जिसके चलते जाट समाज के मतदाता कांग्रेस से ही जुड़े रहे हैं। प्रदेश में सबसे बड़ी आबादी जाट समाज की है जो पारंपरिक रूप से कांग्रेस के समर्थक रहे हैं। इस बार भी जाटों का कांग्रेस से जुड़ाव कांग्रेस के लिए एक नई संजीवनी साबित हो रहा है। हालांकि भाजपा ने सात सांसदों को चुनाव मैदान में उतारा था। मगर सभी सांसद चुनावी चक्रव्यूह में फंसे हुए नजर आये। उनके चुनाव लड़ने से भाजपा को कोई फायदा होता नजर नहीं आ रहा है। उसके उलट कांग्रेस ने संगठन से जुड़े कई नए लोगों को अवसर देखकर पार्टी कार्यकताओं में एक नए जोश का संचार किया है।

# विधानसभा के चुनाओं के बाद लोकसभा चुनाव का भी बनेगा बड़ा मुद्दा राम मंदिर



**अशोक भाटिया**

> प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रण पर शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने चुटकी लेते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को निमंत्रित करने की कोई जरूरत नहीं हैं। वो खुद इतने बड़े कार्यक्रम से दूर नहीं रह सकते। यह शब्द राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों की आलोचना करते हुए कहा कि भगवान राम का विरोध करने वाले सड़कों पर घूम रहे हैं और ऐसा करना जारी भी रखेंगे । ज्ञात हो किप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम लला मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह के लिए औपचारिक निमंत्रण मिलने के बाद, विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाया कि क्या यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सिर्फ एक पार्टी का कार्यक्रम बन जाएगा। संजय राउत को सिर्फ चुनाव दिखता है लेकिन प्रतिष्ठा समारोह आस्था और श्रद्धा का विषय है। आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि लोग अपनी मानसिकता के अनुसार बात करते हैं

**मध्य** प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनाव को 2024 का सेमीफाइनल माना जा रहा है। हिंदी पट्टी वाले तीन राज्यों में बीजेपी बनाम कांग्रेस की सीधी लड़ाई है, तो तेलंगाना में त्रिकोणीय और मिजोरम में दो क्षत्रपों के बीच मुकाबला है। ऐसे पांच राज्यों के चुनाव में जीत-हार के नतीजों को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है । 2014 और 2019 की जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी 2024 में एक बार फिर लोकसभा चुनाव जीतकर सत्ता की हैट्रिक लगाना चाहते हैं। इसका सारा दारोमदार पांच राज्यों के चुनाव के चुनाव के रिजल्ट पर टिका है, क्योंकि इसके नतीजे कहीं न कहीं 2024 के नतीजों को प्रभावित कर सकते हैं।



पिछले लोकसभा चुनाव में भी राम मंदिर एक बड़ा मुद्दा रहा और आगामी यानी 2024 के लोकसभा चुनाव में भी राम मंदिर बड़ा मुद्दा रहेगा। फर्क सिर्फ इतना है के 2019 के लोकसभा चुनाव में बात हो रही थी भव्य राम मंदिर के निर्माण की, लेकिन 2024 में बात होगी रामलला के लंबे इंतजार के खत्म होने और स्थाई मंदिर में विराजमान होने की। राम नगरी अयोध्या में एक तरफ जहां भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है तो वहीं दूसरी ओर रामनगरी को सजाने संवारने और आध्यात्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने का काम भी दिन रात किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राम मंदिर का मुद्दा बहुत तेजी से तूल पकड़ रहा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण अपने अंतिम चरण में है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। इसको लेकर अभी से तैयारी शुरू हो गई है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी पूजन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी, राज्यपाल प्रोटोकाल शिष्टाचार के तहत प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। एक लंबे इंतजार के बाद आखिरकार राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की तारीख तय हो गई है, दिन भी निश्चित है। राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से चार प्रतिनिधि मंडलों के दल ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात कर उनको आमंत्रित भी कर दिया है। श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिये निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- धन्य महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि वह खुद को धन्य महसूस कर रहे हैं और यह उनका सौभाग्य है कि वह अपने जीवनकाल में, इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रण पर शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने चुटकी लेते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को निमंत्रित करने की कोई जरूरत नहीं हैं। वो खुद इतने बड़े कार्यक्रम से दूर नहीं रह सकते। यह शब्द राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों की आलोचना करते हुए कहा कि भगवान राम का विरोध करने वाले सड़कों पर घूम रहे हैं और ऐसा करना जारी भी रखेंगे । ज्ञात हो किप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम लला मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह के लिए औपचारिक निमंत्रण मिलने के बाद, विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाया कि क्या यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सिर्फ एक पार्टी का कार्यक्रम बन जाएगा। संजय राउत को सिर्फ चुनाव दिखता है लेकिन प्रतिष्ठा समारोह आस्था और श्रद्धा का विषय है।आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि लोग अपनी मानसिकता के अनुसार बात करते हैं, संजय राउत को सिर्फ चुनाव दिखता है। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा आस्था का, विश्वास का, भक्ति का विषय है और इसके लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया गया है। इससे पहले भी उन्होंने भूमिपूजन किया था। अब जब मंदिर लगभग बन चुका है और इसकी प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी (2024) को होगी, तो प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया गया है और उन्होंने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। यह बलिदानों के बारे में नहीं है, यह भक्ति और विश्वास के बारे में है। दास ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को भगवान राम का आशीर्वाद है इसलिए वह सत्ता में हैं लेकिन जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व को नकार दिया वे सड़कों पर घूम रहे हैं और आगे भी घूमते रहेंगे ।

इन सब बातों से बेखबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स/ट्विटर पर पोस्ट कर राष्ट्र को उस क्षण के बारे में जानकारी दी, जिसकी प्रतीक्षा वह करीब 500 साल से कर रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बताया है कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्री रामलला सरकार के श्री विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। गौरतलब है कि आज हम रामजन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर को आकार लेते देख रहे हैं, प्राण-प्रतिष्ठा का दिनांक सुनिश्चित हो गया है। लेकिन यह यात्रा उतनी भी सहज नहीं रही है जितनी आज दिखती है। यह संघर्ष 1528 से ही शुरू हो गया था जब इस्लामी आक्रांता बाबर के सेनापति मीर बाकी ने अयोध्या में भगवान राम के जन्मस्थान पर मस्जिद का निर्माण करवाया। 9 नवम्बर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि पूरी जमीन रामलला की है और मंदिर वहीं बनेगा।

लेकिन इस मोड़ तक पहुँचने के क्रम में न जाने कितने रामभक्तों ने खुद को बलिदान कर लिया। कितनी बार अयोध्या की गलियों के रामभक्तों के रक्त से लाल कर दिया गया। ऐसी ही एक तारीख 2 नवंबर 1990 की है।2 नवंबर 1990 को तत्कालीन आईजी एसएमपी सिन्हा ने अपने मातहतों से कहा कि लखनऊ से साफ निर्देश है कि भीड़ किसी भी कीमत पर सड़कों पर नहीं बैठेगी। आइए जानते हैं कि अयोध्या में 1990 की 2 नवंबर को क्या हुआ था?

सुबह के नौ बजे थे। कार्तिक पूर्णिमा पर सरयू में स्नान कर साधु और रामभक्त कारसेवा के लिए रामजन्मभूमि की ओर बढ़ रहे थे। पुलिस ने घेरा बनाकर रोक दिया। वे जहाँ थे, वहीं सत्याग्रह पर बैठ गए। रामधुनी में रम गए।फिर आईजी ने ऑर्डर दिया और सुरक्षा बल एक्शन में आ गए। आँसू गैस के गोले दागे गए। लाठियाँ बरसाई गईं। लेकिन रामधुन की आवाज बुलंद रही। रामभक्त न उत्तेजित हुए, न डरे और न घबराए। अचानक बिना चेतावनी के उन पर फायरिंग शुरू कर दी गई। गलियों में रामभक्तों को दौड़ा-दौड़ा कर निशाना बनाया गया।

3 नवंबर 1990 को जनसत्ता में छपी एक रिपोर्ट में लिखा गया था, कि राजस्थान के श्रीगंगानगर का एक कारसेवक, जिसका नाम पता नहीं चल पाया है, गोली लगते ही गिर पड़ा और उसने अपने खून से सड़क पर लिखा सीताराम। पता नहीं यह उसका नाम था या भगवान का स्मरण। मगर सड़क पर गिरने के बाद भी सीआरपीएफ की टुकड़ी ने उसकी खोपड़ी पर सात गोलियाँ मारी।

इस घटना का उस समय की मीडिया रिपोर्टिंग से लिए गए कुछ और विवरण पर गौर करिए तो पुलिस और सुरक्षा बल न खुद घायलों को उठा रहे थे और न किसी दूसरे को उनकी मदद करने दे रहे थे।फायरिंग का लिखित आदेश नहीं था। फायरिंग के बाद जिला मजिस्ट्रेट से ऑर्डर पर साइन कराया गया।किसी भी रामभक्त के पैर में गोली नहीं मारी गई। सबके सिर और सीने में गोली लगी।
तुलसी चौराहा खून से रंग गया। दिगंबर अखाड़े के बाहर कोठारी बंधुओं को खींचकर गोली मारी गई।राम अचल गुप्ता का अखंड रामधुन बंद नहीं हो रहा था, उन्हें पीछे से गोली मारी गई।रामनंदी दिगंबर अखाड़े में घुसकर साधुओं पर फायरिंग की गई।कोतवाली के सामने वाले मंदिर के पुजारी को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया।रामबाग के ऊपर से एक साधु आँसू गैस से परेशान लोगों के लिए बाल्टी से पानी फेंक रहे थे। उन्हें गोली मारी गई और वह छत से नीचे आ गिरे।फायरिंग के बाद सड़कों और गलियों में पड़े रामभक्तों के शव बोरियों में भरकर ले जाए गए।

## कविता

मेरे पास थोड़े-से पत्थर थे
और कुछ सूखे बाँस
जिनके सहारे मुझे
तय करना था अपनी सभ्यता का रास्ता
पुरानी सभ्यताएँ टीलों की खुदाई चाहती थीं
और मुझे अपनी सभ्यता को
टीलों में तबदील होने से बचाना था

दीवारों पर बाहर धूप और अन्दर दीमक थी
कुछ श्लोक और रूढ़ियाँ थीं मुझ पर हँसती हुई
शास्त्र थे शस्त्रों की तरह
मेरे पास इच्छाओं की पोटली थी
और वक़्त की एक छोटी-सी लाठी
जिसके सहारे
पार करना था अनिर्णयों का अरण्य

विस्मृति के जल में हिलते हुए
कुछ धुंधले अक्स थे
सूखते हुए आँसू थे
पिघलती हुई आत्मा
फूलों और सुगन्धियों से भरा
एक नरक मेरे सामने था
मेरे मोक्ष का रास्ता वहीं से होकर जाता था

कुमार अंबुज

# तेरी लीला कोई समझ न पाया

**हुहां** बबलू, मैं बगीचे में धूप सेंक रहा हूँ और मेरी तबीयत भी ठीक है। बस दिमाग गरम रहता है। डॉक्टर ने कहा कि यह तंग जिंदगी का लोचा है। लेकिन तुम्हारी भाभी को यह सब नाटक लगता है। वह कहती हैं कि मैं कुछ काम नहीं करता, सिर्फ नाटक करता हूँ। काम से बचने के चोंचले हैं। अब उसे कौन बताए कि वह काम ज्यादा करती है और मुझसे भी यही अपेक्षा करती है। दिन भर झाड़ू लगाती रहती है। यह देख लगता मानो वह झाड़ू नहीं मुझे वश में रखने के लिए जादू टोना कर रही हो। उसे कौन समझाए कि इस उम्र में मुझ पर डोरे कौन डालेगा। एक तरफ भाभी के घरेलू नुस्खे और दूसरी ओर डॉक्टर की हिदायतें। मुझे नहीं पता कि किसकी बात सुनूं, डॉक्टर की या तुम्हारी भाभी की। डॉक्टर आपको दस मिनट के लिए देखता है, लेकिन आपको चौबीस घंटे उसकी मुट्ठी में रहना पड़ता है। इधर ऑफिस की किचकिच और उधर पत्नी बाजार जाकर सब्जी लाने के लिए अपना बैग मेरे सामने फेंक दिया है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि मैं किसका इलाज कराऊँ। पड़ोस में चोपड़ा साहब रहते हैं। वे मुझे खुद का इलाज करने से पहले पत्नी का इलाज करवाने के लिए कहा। वैसे भी तुम सब्जी खरीदने जाओगे लेकिन तुम्हें पता है कि तुम्हारी लाई हुई सब्जी उन्हें पसंद नहीं आएगी। उन्हें कोई बहाना चाहिए। कहते हैं बचपन में हमारी मां हमें खूब बादाम खिलाती थीं। अब देखो भाई, अम्मा ने जो किया उसका खामियाजा हम भुगत रहे हैं। उनका दिमाग पहेली खेल से भी अधिक जटिल होता है। इसे एक तरफ से मिलाओ तो दूसरी तरफ से खराब हो जाता है। स्थिति ऐसी है कि न तो हम पूरी तरह से कमजोर हो पाते हैं और न ही मजबूत। न जीने में, न मरने में, हमें अनारकली बनाकर रखा गया है। घी दूध से सारी मलाई निकालकर बनाया जाता है। वह तीन बार एक-एक चम्मच घी मांगता है और एक बार आधा चम्मच घी देता है। सारा घी भगवान के दीपक में चला जाता है। थोड़े से घी के मामले में भगवान भी तुम्हारी भाभी के साथ हैं। आज उन्हें डाँटने की जुर्रत भी करो तो सबसे पहले बुखार चढ़ता है। स्थिति उलट है, उनकी डांट के साथ दिन में तीन बार पैरासिटामोल लेना पड़ता है। अब तुम जानते हो कि यदि भगवान पांडवों के साथ थे, तो सौ भाई और एक बड़ी सेना भी हार गई थी। यहाँ हम अकेले हैं। रोज गीता पढ़ो लेकिन युद्ध के लिए जरूरी साहस पैदा मत करो। अब हम सोच रहे हैं कि हमें भी घी का दीपक जलाना चाहिए। लेकिन मुझे नहीं पता कि रसोई में घी कहां रखा होता है या फिर मैं उसे ढूंढता रहता हूं लेकिन कभी नहीं मिलता। एक बार मैं घी ढूंढते समय रंगे हाथ पकड़ा गया और तीन दिन तक मुझे जमानत नहीं मिली। अगर वह थाने में होती तो तीन घंटे के अंदर मिल जाती। हाल ही में सरकार ने महिलाओं के पक्ष में एक विधेयक पारित कर उन्हें और अधिक सशक्त बनाया है। यहां राज्य सरकार रिश्तेदारी बना रही है सो अलग। अब हालात तो देखो भगवान भी उनके और सरकारें भी!

## विचार

# टहनियों तक जाये बिना सर्वोत्तम फल नहीं मिलेगा

**13वीं** शताब्दी ई. में एक दर्जन से अधिक जहाज के कप्तान छोटे-छोटे मार्गों से होने वाले समुद्री व्यापार और खोज में व्यस्त थे। लेकिन लंबी यात्रा का डर, मौसम की अनिश्चितता का डर, समुद्र का डर और अंततः अज्ञात के डर ने उन्हें लम्बी समुद्री यात्रा में जाने से रोक दिया। बहादुर और साहस वाले व्यक्ति ने समुद्र की इस चुनौती को स्वीकार किया और लंबी तथा असंभव यात्रा शुरू की। उन्होंने सभी प्रतिकूलताओं के खिलाफ जाने और नई दुनिया की खोज करने का जोखिम उठाया। इसके परिणामस्वरूप एक नए समुद्री मार्ग की खोज हुई और भारतीय उपमहाद्वीप के साथ यूरोपीय व्यापार शुरू हुआ। जोखिम उठाने का परिणाम उन्हें न केवल थोड़े समय में अधिशेष व्यापार के रूप में मिला, बल्कि लंबे समय तक उनका नाम भारतीय उपमहाद्वीप में आने वाले पहले व्यक्ति के रूप में इतिहास के पन्नों पर अंकित हो गया और उनका नाम है वास्को डी गामा। डर एक प्राकृतिक मानवीय भावना है जो अक्सर जोखिम लेने में बाधा के रूप में कार्य करती है । यह एक शक्तिशाली प्रभाव है जो व्यक्तियों को पंगु बना सकती है, उन्हें उनकी वास्तविक क्षमता प्राप्त करने से रोक सकती है। यह शोध किया गया है कि कैसे डर के साथ रहना हमें जोखिम लेने से रोक सकता है, विकास और सफलता के अवसरों से वंचित कर सकता है। हालाँकि, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकले बिना, हम कभी भी जीवन में सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त नहीं कर पाएंगे। जोखिम लेने के सकारात्मक पहलुओं की जांच करके, हम डर पर काबू पाने और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के अवसरों को अपनाने के महत्व को समझ सकते हैं। जोखिम लेने की क्षमता में सबसे बड़ा स्पीड ब्रेकरः डर डर विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जैसे असफलता, अस्वीकृति या अज्ञात का डर। यह व्यक्तियों को अलग-अलग तरह से प्रभावित करता है और उनकी निर्णय लेने की क्षमता पर असर डाल सकता है। हमारे पास पानीपत की तीसरी लड़ाई का एक बड़ा उदाहरण है जहां दुश्मन का डर खुद से ज्यादा शक्तिशाली था। इसने मराठों को मानसिक रूप से बीमार बना दिया और उनके निर्णय खंडित हो गए, और इससे मराठाओं की सबसे बड़ी हार हुई। लोग अक्सर अपनी वर्तमान परिस्थितियों के साथ सहज हो जाते हैं, जोखिम लेने के बजाय अपने आराम क्षेत्र के दायरे में रहना पसंद करते हैं। असफलता का डर व्यक्तियों को पीछे धकेल देता है, क्योंकि वे शर्मिंदगी, निराशा या वित्तीय नुकसान जैसे संभावित परिणामों से डरते हैं। डॉक्यूमेंट्री 14 पीक्स में , हम उस आदमी को देखते हैं जिसे किसी चीज का डर नहीं है, वह आसानी से जोखिम ले सकता है और कल्पना से परे जा सकता है। उस एक युवा ने मजबूत मानसिकता के साथ 14 चोटियों पर विजय प्राप्त की। साथ ही, यह डर एक बाधा बन जाता है, जो उन्हें नई संभावनाएं तलाशने से रोकता है।
लोग नई चीजें हासिल करने के बजाय आसान चीजों में लग जाते हैं। लोग नई चीजों का आविष्कार करने या अपना खुद का स्टार्टअप बनाने के बजाय और सुरक्षित नौकरियों में चले जाते हैं। इसके अलावा, डर से आत्मविश्वास और अपने ऊपर भरोसे की कमी भी हो सकती है। जो व्यक्ति लगातार डर के साथ जी रहे हैं, वे अपनी क्षमताओं पर संदेह करते हैं और जोखिम लेने के साथ आने वाली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार नहीं पाते हैं। सिडनी बॉक्सिंग डे टेस्ट में सचिन तेंदुलकर पहली पारी में अपनी कम क्षमता के कारण नहीं बल्कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद के डर के कारण आउट हुए। अगली पारी में उन्होंने किसी भी ऑफ स्टंप से बाहर की गेंद को न खेलने का जोखिम उठाने के लिए मानसिक रूप से तैयारी की और इसके परिणामस्वरूप ऐतिहासिक दोहरा शतक बनाया। डर व्यक्तियों को किसी भी स्थिति के नकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करता है, जिससे जोखिम के विपरीत मानसिकता पैदा होती है । वे अज्ञात क्षेत्र में जाने की बजाय यथास्थिति पर कायम रहने के इच्छुक हो सकते हैं। जोखिम लेने के प्रति यह नापसंदगी किसी की क्षमता को सीमित कर सकती है और व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में प्रगति में बाधा उत्पन्न कर सकती है। जोखिम उठाएं और सार्थक परिणाम पाएं हालाँकि डर के साथ जीना सुरक्षित और आरामदायक लग सकता है, लेकिन यह अंततः व्यक्तियों को जीवन से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने से रोकता है। महात्मा गांधी ने बिल्कुल नई तरह का सत्याग्रह शुरू करने का जोखिम उठाया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मरती संवेदनायें - दम तोड़ते रिश्ते

बात 1998 की है। चंडीगढ़ में पी जी आई के मुख्य द्वार के बाहर एक अति वृद्ध बुजुर्ग फुटपाथ पर कई दिनों से एक ही जगह पर बैठा रहा। लोगों ने जब उससे उसके बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि -'एक सप्ताह पहले पंजाब के किसी गांव से वह अपने बेटे के साथ इलाज कराने पी जी आई आया था। उसके बाद मेरा बेटा मुझे इसी जगह पर बिठा कर चला गया और आज तक मुड़ कर नहीं आया '। उस वृद्ध की हालत देखकर लोगों को यह समझने में देर नहीं लगी कि उसका बेटा अपने बुजुर्ग पिता की बीमारी और तीमारदारी से ऊब कर उसे पी जी आई में इलाज के बहाने लाकर यहां छोड़ कर चला गया। जब लोगों ने उस बुजुर्ग को वापस उसके घर पहुँचाने की बात की तो वह राजी नहीं हुआ। वह कहता कि 'जब मेरा बेटा ही मुझसे दुखी होकर मुझे छोड़ गया तो मैं फिर उसे दुखी करने के लिये घर जाकर क्या करूँगा' ? आखिरकार कुछ समाजसेवियों की मदद से उसे किसी अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। 25 वर्ष पूर्व की यह घटना देखकर यह अहसास होने लगा था कि शायद मानवीय संवेदनाओं ने कराहना शुरू कर दिया है। परन्तु यह एहसास कतई नहीं था कि मानवीय संवेदनाओं के दरकने का यह सिलसिला तथाकथित संभ्रांत परिवारों यहां तक कि 'सेलेब्रिटी' स्तर के लोगों के परिवार में भी जा पहुंचेगा ? तीन वर्ष पूर्व महाराष्ट्र से एक समाचार आया कि एक वृद्ध महिला अपने फ़्लैट में न जाने कितने दिनों से मरी पड़ी थी। उसके शरीर का कंकाल उसके बेड के पास पड़ा था। कई दिनों बाद पड़ोसियों को संदेह हुआ तो दरवाजा तोड़ा गया तो वृद्धा का कंकाल बरामद हुआ। वृद्धा का एक पुत्र था जो अमेरिका में रहता था । जब उसे उसकी मां की मौत की सूचना दी गयी तो वह आया और दो चार दिनों के भीतर ही फ़्लैट बेचकर चलता बना। वैसे भी आप यदि शहरों में वृद्धाश्रम में जाकर देखें तो तमाम कथित संभ्रांत परिवार के लोग वहां अपनी जिंदिगी की आखिरी दिन अपने परिवार से दूर रहकर गुजारते दिखाई जायेंगे। संभव है कि कुछ बुजुर्गों को अपने अड़ियल व रूढ़िवादी सोच विचार के चलते यह दिन देखने पड़ते हों। परन्तु अधिकांश मामलों में यही देखा गया है कि बच्चों व उनके परिवार का स्वार्थपूर्ण रवैय्या और मां बाप के प्रति उनकी बेरुखी ही मां बाप जैसे पवित्र व मजबूत रिश्तों में भी दरार पैदा कर देती है।

# खरीद लें एक बढ़िया नेता

**आजकल** कई व्यक्ति सरकारी नौकरी बड़े जतन से खरीदते हैं। बहुत सारे लोग बड़ी चालाकी से व्यापार भी करते हैं। सरकारी नौकरी और व्यापार से संबंधित लोगों को समय-असमय सरकार द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। सरकारी प्रताड़ना पूर्णतया कानूनी होती है। सरकार अपनी कुर्सी बचाने या वोट खींचने के लिए इसे नियमानुसार संपादित करती है। इससे बचने का असली तरीका यही है कि आप अपने पास कोई एक अच्छा सा दलाल पाल लें। बढ़िया रहेगा कि आप अपने पैंट की जेब में एक-दो नेता खरीद कर रख लें। आजकल कई सयाने लोग चार-पांच नेता खरीद कर रखते हैं। खरीदा हुआ नेता हमेशा ही काम देता है। यह नेता आपके इच्छित स्थान पर ट्रांसफर कराने से लेकर इनकम टैक्स में गड़बड़ करने, ठेकेदारी दिलवाने आदि में काम आता है। यह नेता आवश्यक होने पर पुलिस के साथ सेटिंग करवाता है। मार्केट में एक से बढ़कर एक नेता हर समय बिकने के लिए उपलब्ध है। राजधानी क्षेत्र में तो ऐसे बिकने वाले नेताओं की भारी भीड़ जमा है। लोग अपने-अपने ढंग के नेता को खरीद कर रखते हैं। आज हर घर में एक न एक खरीदा हुआ नेता चाहिए। घर के सामने की नाली से कचरा साफ कराना हो, तो नेता की जरूरत। घर के पिछवाड़े मरे जानवर को हटवाना हो, तो नेता की जरूरत। दस दिनों में एक बार पानी का नलका आ जाए, इसकी प्रार्थना करने के लिए एक नेता की सख्त जरूरत होती है। राशन कार्ड बनवाना हो या आधार कार्ड में फोटो छपवानी हो, सब जगह नेता की जरूरत पड़ती है। बेचारा नेता! आप से क्या लेता है? बस उसकी रैली में उसके जयकारे! उसके लिए वोटों के चटकारे! उसके बुरे कामों में हां-हां मिलाने की बातें! वक्त-बेवक्त उसके द्वारा मारी गई लातें! बस और क्या चाहिए? नेताजी को मनचाहा दाम दीजिए और नेताजी को खरीद कर ही अपने कामों में लीजिए! चुनावी मेले के समय तो नेता फुटपाथ पर बिकने को तैयार हो जाता है। इस गली उस गली से लेकर हर एक चौराहे पर! हर प्रकार का नेता बिकने को तैयार है। कई-कई नेता तो नेता लोगों के हाथों में ही बिकने को अपना परम धर्म समझते हैं। एक नेता जब दूसरे नेता को खरीदना है, तो खरीदने वाला नेता भारी भरकम आलाकमानी नेता हो जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### विश्व का सबसे बड़ा पेपर शो, पेपरेक्स 2023

**नई दिल्ली। दुनिया** के सबसे बड़े पेपर शो, पेपरेक्स का 16वां संस्करण, वैश्विक पेपर उद्योग के सबसे बड़े ब्रांडों और कंपनियों की मौजूदगी का वादा करता है। यह इवेंट 6 से 9 दिसंबर 2023 को इंडिया एक्सपो सेंटर, दिल्ली एनसीआर, भारत में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पेपर उत्पादन की नवीनतम तकनीक के साथ-साथ कुछ सबसे अद्भुत और पर्यावरण- सहयोगी उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे। पेपरेक्स 2023 को उद्योग जगत से जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है और यह 2022 से 20 देशों के 700 से ज्यादा अग्रणी प्रदर्शकों और दुनिया के हर कोने से 30,000 से अधिक व्यापार आगंतुकों के साथ सफलता की कहानी को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह एक्सपो थोक सौदों, संयुक्त उद्यमों, वितरण संबंधित समझौतों, ज्ञान-साझा करने, सामान्य नेटवर्किंग और अन्य बहुत कुछ की सुविधा प्रदान करता है। भारत में पेपर की खपत की संभावित वार्षिक वृद्धि 6 से 7 प्रतिशत होने के साथ वित्तीय वर्ष 2026-27 तक 30 मिलियन टन तक पहुचने की संभावना है, जो मुख्य रूप से संगठित खुदरा क्षेत्र में वृद्धि के साथ-साथ शिक्षा और साक्षरता पर बढ़ावा मिलने से हो रहा है। वर्तमान में, भारत में 861 पेपर मिलें हैं, जिनमें से 526 संचालन में हैं, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 27.15 मिलियन टन है। हाल ही में हुए एक उद्योग अनुसंधान के अनुसार, भारत विश्व स्तर पर पेपर के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है और पेपर की खपत आर्थिक विकास के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार है। पेपरएक्स खिलाड़ियों के लिए नेटवर्क बनाने और पेपर एवं बोर्ड विनिर्माण के लिए नए ब्रांड, नवीनतम प्रौद्योगिकी, उन्नत मशीनरी और उपकरण, कच्चे माल आदि तक पहुंच प्राप्त करने के लिए निर्णायक मंच है। इस वैश्विक कार्यक्रम के आयोजक हाइवे इंडिया के निदेशक गगन साहनी कहते हैं। उन्होंने कहा, ष्पेपरेक्स सभी पेपर और संबद्ध उद्योगों के लिए आमने-सामने बातचीत, कई आपूर्तिकताओं की खोज, नए आपूर्ति और निर्यात गंतव्यों की पहचान करना के साथ-साथ ही इस शो में विभिन्न प्रकार के पेपर से परिचित होने के लिए एक एकीकृत व्यापार मंच प्रदान करता है। पेपरेक्स एक एकल व्यावसायिक मंच पर पूरे पेपर उद्योग को सेवा प्रदान करता है, जिसमें वर्ल्ड ऑफ पेपर 2023 जैसे सहसंगी समारोह शामिल हैं, जो पेपर, प्रिंटिंग, पैकेजिंग और पब्लिशिंग उद्योगों पर केंद्रित हैं, टिश्यूएक्स 2023, जो टिश्यू उत्पादों, मशीनरी और प्रौद्योगिकी को कवर करता है, और कोरुगेक्स 2023, जो कोरुगेटेड बॉक्स, मशीनरी, प्रौद्योगिकी और संबंधित उत्पाद खंडों को प्रदर्शित करता है। इस आयोजन में विभिन्न समवर्ती व्यावसायिक कार्यक्रम और गतिविधियाँ भी शामिल हैं, जिनमें हरित प्रौद्योगिकियों के माध्यम से विकास और स्थिरता पर एक तकनीकी सम्मेलन, पेपर प्रिंटिंग, पैकेजिंग और कन्वर्टिंग पर ओपन सेमिनार, व्यापार संघों द्वारा नेटवर्किंग बैठकें और नए उत्पाद लॉन्च शामिल हैं।

### दिल्ली और मुंबई के 10 में से 6 लोग वायु की खराब गुणवत्ता और प्रदूषण के कारण शहर छोड़ने पर विचार कर सकते हैं: स्टडी

**नोएडा । स्वास्थ्य सेवा** प्रदाता प्रिस्टीन केयर के एक नए अध्ययन के अनुसार, दिल्ली और मुंबई में लगभग 60 प्रतिशत लोग वायु की खराब गुणवत?ता और प्रदूषण के कारण शहर छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। दोनों शहर हर साल भारी प्रदूषण की समस?या से झूझते हैं, फिर भी, हर साल आने वाली इस समस्या का अभी भी कोई स्थायी समाधान नहीं खोजा जा सका है। अध्ययन में दिल्ली, मुंबई और आसपास के इलाकों के 4000 लोगों को शामिल किया गया। चौंका देने वाली बात यह है कि 10 में से 9 लोगों ने खराब हो रहे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के सबसे सामान?य लक्षणों को अनुभव किया है। इनमें लगातार खांसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश और आंखों में पानी आना या खुजली शामिल हैं। ये निष्कर्ष विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में व्यक्तियों की सेहत पर वायु की खराब गुणवत्ता के गहरे प्रभाव को दशार्ते हैं। 40 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सर्दियों के मौसम में अपने प्रियजनों में अस्थमा या ब्रोंकाइटिस जैसे पहले से मौजूद श्वसन संबंधी रोगों में भी गिरावट देखी है। अध्ययन से यह भी देखा गया है कि दिल्ली और मुंबई में 10 में से 4 लोग हर साल या कम से कम हर कुछ वर्षों में वायु प्रदूषण से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के लिए उपचार लेते हैं। जब वायु प्रदूषण से निपटने के लिए अपनी जीवनशैली में बदलाव करने के बारे में सवाल पूछा गया, तो 35 प्रतिशत ने बताया कि उन्होंने व्यायाम और दौड़ने जैसी बाहरी गतिविधियाँ बंद कर दी हैं, जबकि 30 प्रतिशत ने घर से बाहर मास्क पहनना शुरू कर दिया है। एयर प्यूरीफायर प्रदूषकों और एलर्जी को खत्म या कम करके इनडोर वायु गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं, फिर भी, दिल्ली और मुंबई में केवल 27 प्रतिशत लोग इसका उपयोग करते हैं। हैरानी की बात यह है कि 43 प्रतिशत लोगों को अब भी यह गलतफहमी है कि ये प?यूरीफायर इम्यूनिटी कम कर देते हैं। बहरहाल, वायु प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में लोगों में काफी जागरूकता है, आधे से अधिक लोग समग्र स्वास्थ्य पर इसके हानिकारक प्रभाव के बारे में जानते हैं। इसके अलावा, 64 प्रतिशत लोग वायु की खराब गुणवत्ता से जुड़े दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति सचेत हैं।

### फ्लिपकार्ट ग्रुप ने एक साल में करीब 3000 टन कचरे को लैंडफिल्स में पहुंचने से रोका

गुरुग्राम। फ्लिपकार्ट ग्रुप ने भारत में बढ़ते लैंडफिल्स की गंभीर समस्या से सफलतापूर्वक निपटने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने पिछले एक साल में सफलता के साथ करीब 3000 टन गैर-खतरनाक ठोस कचरे (नॉन हजार्डस सॉलिड वेस्ट) को लैंडफिल्स में पहुंचने से रोका है। जीरो वेस्ट की दिशा में अपने प्रयासों के लिए कंपनी के चार कारखानों को टोटल रिसोर्स यूज एंड इफिशिएंसी (ट्रू) गोल्ड सर्टिफिकेशन भी मिला है। ट्रू-सर्टिफाइड प्रोजेक्ट के लिए रिसोर्स मैनेजमेंट के लिए तय किए गए लक्ष्यों को प्राप्त करना अनिवार्य होता है।
ऐसे प्रोजेक्ट के तहत कारखाने से निकलने वाले कम से कम 90 प्रतिशत कचरे को लैंडफिल्स में पहुंचने, जलाए जाने और कहीं फेंक दिए जाने से बचाते हुए अन्यत्र प्रयोग में लाना होता है। फ्लिपकार्ट के ट्रू सर्टिफिकेट प्राप्त कारखाने फर्रुखनगर (हरियाणा), उलुबेरिया (पश्चिम बंगाल), मलूर (कर्नाटक) और रेनेसेंस (महाराष्ट्र) में हैं और कुल 18 लाख वर्ग फीट में फैले हैं। फ्लिपकार्ट ने सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दिखाई है और जीरो वेस्ट पॉलिसी को अपनाया है। इसके तहत जिम्मेदारी के साथ उपभोग करने (रेस्पॉन्सिबल कंजम्प्शन), पुनः प्रयोग करने (रीयूज) और जलाए जाने एवं लैंडफिल्स में फेंके जाने से बचाते हुए प्रोडक्ट्स, पैकेजिंग एवं मैटेरियल्स को रिकवर करने जैसे कदम शामिल हैं। इस प्रयास के तहत कंपनी ने न केवल सर्टिफिकेशन की शर्तों को पूरा किया है, बल्कि शर्तों से आगे जाते हुए सफलता प्राप्त की है। कंपनी ने अपने चारों कारखानों से निकलने वाले 97 प्रतिशत कचरे को लैंडफिल्स में पहुंचने एवं जलने से बचाया है। जीरो वेस्ट पॉलिसी और ट्रू गोल्ड सर्टिफिकेशन को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एवं रीकॉमर्स के प्रमुख हेमंत बद्री ने कहा, 'सस्टेनेबिलिटी को लेकर अपने लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में हमारे प्रयास व्यापक परिवर्तन लाने वाले हैं। ये हमारे सतत इनोवेशन एवं जिम्मेदारी की भावना को दिखाते हैं। इस सफर में ग्रीन बिजनेस सर्टिफिकेशन इंक द्वारा हमें दिए गए चार ट्रू गोल्ड सर्टिफिकेशन एक और महत्वपूर्ण पड़ाव हैं, क्योंकि हम इस उद्योग में सस्टेनेबल ई-कॉमर्स को लेकर नए मानक स्थापित करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इस उपलब्धि को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करना और जलवायु परिवर्तन को लेकर भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में योगदान देना एक जिम्मेदारी है, जिसे फ्लिपकार्ट ग्रुप ने गंभीरता से अपनाया है। हमारी जीरो वेस्ट पहल के लिए हमें मिले ट्रू गोल्ड सर्टिफिकेशन इस मिशन को लेकर हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।'

# नगरपालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

## अवैध रूप से रखे सामान को नपा दस्ते ने अपने कब्जे में लिया

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**नगरपालिका ने** शहर के मुख्य बाजार रेलवे रोड पर बुधवार को नगरपालिका के सफाई निरीक्षक पोषण मलिक के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नपा की टीम ने ने शहर के रेलवे रोड, नपा रोड पर दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से दुकान से बाहर रखे सामान को जब्त कर लिया और नगरपालिका में ले आए। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। शहर के दुकानदारों द्वारा किए जाने वाले अतिक्रमण से हर समय शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है।
जाम ही शिकायतें आए दिन प्रशासन के पास आ रही है। इसी के चलते नपा द्वारा नगरपालिका रोड व रेलवे रोड नई अनाज मंडी तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सफाई निरीक्षक पोषण मलिक व कर्मचारी मौजूद रहे।

**अतिक्रमण हटाओं अभियान नियमित चलाया जाएगा : मलिक**




नपा के एसआई पोषण मलिक ने बताया कि नगरपालिका द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाता है, ताकि बाजार में जाम की स्थिती न उत्पन्न हो। उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी शहर में अतिक्रमण न करे, अन्यथा उनका सामान जब्त कर लिया जाएगा और भारी भरकम जुमार्ने के साथ ही सामान को छोड़ा जाएगा।

**नहीं दिखता असर**

8 नगरपालिका द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओं अभियान का दुकानदारों में एक दिन भी असर नही रहता।

**अभियान का एक दिन भी नही रहता दुकानदारों पर असर : वाहन चालक**
रेलवे रोड से गुजरने वाले वाहन चालकों ने बताया कि नगरपालिका द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओं अभियान का दुकानदारों में एक दिन भी असर नही रहता। दुकानदार दूसरे दिन ही दुकानों के आगे सामान को रख लेते है।
जिससे अतिक्रमण के कारण वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है। उनका कहना कि अतिक्रमण के कारण ही जाम लगता है।

## चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित महिला गिरफ्तार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर** थाना पुलिस ने दुकान के अंदर से कपड़े व नकदी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित महिला सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन उफ चिन्नू लोहारी हिसार व शीला निवासी जगदीश कॉलोनी हांसी की है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मयून विहार निवासी सुनील कुमार ने गत 20 अक्टूबर को शिकायत देकर बताया था कि उनकी दुकान पर 4.10 बजे पांच महिलाएं ग्रुप में दुकान पर आई। उस दौरान उसका बड़ा लड़का अरमान व उसका दोस्त अमन बैठा हुआ था। महिलाओं ने आंख मिचौली करके धोखे से तीन बार में एक लाख 25 हजार रुपये के कपड़े उठाए लिए। उसके बाद सफेद स्कार्पियायें गाड़ी आई, जोकि दूसरी तरफ खड़ी हुई थी। सभी वहां से चले गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक बलवान की टीम ने एक महिला सहित दो आरोपित सचिन उर्फ चिन्नू व शीला को गिरफ्तार कर लिया।

## 30 को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे पीएम : सैनी

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा भाजपा** के नए प्रदेश अध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी गन्नौर विधानसभा के गांव टेहा में ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित बैठक में पहुंचे। बैठक में पहुंचे पर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश स्वामी के नेतृत्व में विभिन्न समाज के लोगों व पंचायत ने फूलमालाओं के साथ नायब सैनी का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद बैठक को संबोधित करते हुए नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश के लोगों में भाजपा के प्रति काफी जोश व उत्साह देखने को मिल रहा है। जिससे स्पष्ट है की 2024 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बन रही है। यह संदेश स्पष्ट लोगों के चेहरे पर देखा जा सकता है। सैनी ने कहा कि पहले गरीब लोग वोट देकर सरकार को ढूंढते थे लेकिन यह पहले सरकार है जो गरीबों को ढूंढ कर उनके हक उनको देने का काम कर रही है। पहले सरकार में एचसीएच वो ही लगते जो मुख्यमंत्री के रिश्तेदार होते थे लेकिन अब भाजपा सरकार में गरीब व मेहनती युवाओं को बिना पर्ची व खर्ची के योग्यता के आधार पर एचसीएच व अन्य नौकरियों पर लगाया जा रहा है। नायब सैनी ने कहा कि 30 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ दिल्ली से करेंगे यह यात्रा हरियाणा के 22 जिलों में जाकर लोगों को केंद्र सरकार के सारे 9 साल व प्रदेश सरकार के 9 साल के कार्यकाल में जो विकास कार्य किए गए हैं उनको जन जन तक पहुंचाने का काम करेगी। प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने दावा किया की हाल ही में जो पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए हैं उनमें सभी में भाजपा अपनी सरकार बनाएगी। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राई से विधायक



## ऊझा गांव के महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती प्लॉट धारकों को नही मिला मालिकाना हक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**ऊझा गांव में** महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती के तहत मिलें करीब 450 प्लॉट धारकों को अभी तक उनका मालिकाना हक नही मिला है। प्लॉट धारकों ने पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि सरकार ने उनके नाम रजिस्ट्री तो कर दी,लेकिन अभी तक उन्हे मालिकाना हक नही मिला है। इसके लिए वो सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे है, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नही है। ऊझा गांव निवासी जितेन्द्र,जयभगवान,पंकज,मोहित,सुरेश, लालचंद,धर्मपाल,बिशनसिहं,सत्यवान,कुल्दीप,सतपाल,श्रीराम,जगदीश आदि ने पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली को लिखित रूप से अपनी समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि उनके गांव ऊझा में सरकार की और से महात्मा गांधी ग्रामीण बसती के तहत करीब 450 गरीब परिवारों को सरकार की और से महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती के तहत प्लाट मुहैया कराए गए थें। जिनकी रजिस्ट्री तो हो चुकी है,लेकिन इंतकाल ना होने से उन्हे अभी तक मालिकाना हक नही मिला है। जिसके लिए वों अनेकों न्याय की गुहार लगा चुके है,लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई है। उन्होंने पूर्व विधायक से न्याय की गुहार लगाई और कहा कि उन्हे प्लांट मिलने से उन्हे रहने के लिए छत का सहारा मिल जाएगा। ठंड के मौसम में उन्हे रहने में भी परेशानी का सामना करना पड रहा है। वही पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली ने उन्हे आश्वासन दिया किया वो किसी प्रकार की ड्ढषचता ना करें उन्हे हर हाल में उनका मालिकाना हक दिलाया जाएगा और अपने भाई विक्रम मच्छरौली को तुरंत तहसीलदार बापौली से बात कर उक्त समस्या का समाधान कराने की बात कही। जिस पर विक्रम मच्छरौली ने बापौली नायब तहसीलदार कैलाश चंद से बात कर ऊझा गांव के महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती के तहत मिल प्लांटों का इंतकाल ना होने की समस्या से अवगत कराया।

## उत्तर प्रदेश से 25 हजार में लाया था हथियार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले** की एंटी बर्गलरी स्टाफ सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकुश उर्फ सोनू निवासी शेखपुरा हाल में गांधी नगर गन्नौर का है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कुंडली थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच अधिकारी नरेश ने बताया कि गत 27 नवंबर को उनकी टीम गश्त के दौरान एसआरएम चौक सेवली के पास मौजूद थी।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ब्राह्मण महाकुंभ में किया वादा निभाया



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**धौलीदारों** को जमीन का मालिकाना हक मिलने पर राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली के नेतृत्व में ब्राह्मद्दण समाज ने प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी को लड्डू खिलाकर आभार व्यक्ति किया और घोषणा को अमलीजामा पहनाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया।
विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि सालों पहले दान में मिली धौली की जमीन का मालिकाना हक व बेचने का अधिकार ब्राह्मण समाज को मिल गया है। इससे हजारों ब्राह्मण परिवार लाभान्वित होंगे। इस संदर्भ में वित्तीय आयुक्त राजस्व एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा ने सभी जिला उपायुक्तों को पत्र लिखकर निर्देश दे दिए हैं। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 11 दिसंबर 2022 को करनाल में आयोजित भगवान परशुराम महाकुंभ में ब्राह्मण समाज को 1700 एकड़ धौली की जमीन के मालिकाना हक दिलाने की घोषणा की थी। अब दान में मिली जमीन बेचने पर भी कोई रोक नहीं रहेगी। इस दौरान सुनील शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कथनी व करनी में कोई अन्तर नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर राजपत्रित अवकाश, कैथल में मेडिकल कॉलेज का नाम भगवान श्री परशुराम के नाम पर रखा जाना, मुख्यमंत्री ने पहरावर जमीन गौड़ ब्राह्मण कॉलेज को ही देना, भगवान परशुराम के नाम पर डाक टिकट जारी करना, 1700 एकड़ निजी जमीन धौलीदारों को देना, करनाल में फुव्वारा चौक का नाम भाई मती दास-सती दास छिब्बर, पुराने परशुराम चौक का सौंदर्यकरण, परशुराम चौक से गांधी चौक तक के मार्ग का नाम भगवान परशुराम मार्ग, करनाल की ब्राह्मण धर्मशालाओं के लिए कुल 31 लाख रुपये देने की घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं।


## प्रदेशाध्यक्ष ने गुप्ति सागर में पहुंचकर की पूजा अर्चना

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा के** नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष एवं कुरूक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी बुधवार को जी टी रोड स्थित गुप्ति सागर धाम में पहुंचे। धाम में पहुंचने पर राई विधायक एवं भाजपा महामंत्री मोहनलाल बड़ौली व अन्य पदाधिकारियों के साथ धाम में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद उपाध्याय 108 गुप्ति सागर महाराज से आशीर्वाद लिया। धाम में पहुंचने पर धाम की तरफ से प्रदेशाध्यक्ष का पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया। गुप्ति सागर महाराज ने कहा कि वे प्रदेश में समरसता व एकजुट की भावना को पैदा करने के लिए देश को आगे बढ़ाने का काम करे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो देश का गौरव विश्व में बढ़ा रहे है। उसे लगातार आगे बढ़ाने के लिए देश- प्रदेश के लोगों को उनके द्वारा बनाई गई नीतियों का अनुसरण करना चाहिए। महाराज ने प्रदेशाध्यक्ष को कहा कि सभी को एक माला में पिरोकर आगे बढ़ो ताकि देश व प्रदेश का भला हो सके। गुप्ति सागर महाराज ने प्रदेशाध्यक्ष को अपने द्वारा लिखी राम मन्दिर जरूर बनेगा आदि पुस्तके भेंट की। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष के साथ युवा प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा, जिला उपाध्यक्ष योगेशपाल अरोड़ा, अशोक करेवड़ी, परमवीर सैनी, भाजपा कार्यालय इन्चार्ज सुभाष सरोहा, मंडलध्यक्ष संजय गौत्तम, ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष गायत्री जागड़ा, अनिल गोस्वामी आदि मौजूद थे।



## भौतिकी विभाग के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**आई. बी.** स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत में भौतिकी विभाग के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय फ्यूचर सोर्स ऑफ एनर्जी एंड वॉयरलैस इलेक्ट्रिसिटी रहा । इसमें लगभग 30 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया` प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों का ज्ञान एवं आत्मविश्वास बढ़ता है और विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि पैदा होती है। भौतिकी विभागाध्यक्षा प्रोफेसर सोनिया ने कहा कि विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ पाठ्यक्रम से जुड़ी अतिरिक्त गतिविधियों में भी भाग लेना जरूरी है` प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मुस्कान, द्वितीय स्थान पर ज्योति और तृतीय स्थान पर कशिश रहे।



## मानवता हुई शर्मशार: नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष के शौचालय में मिला पांच माह का भ्रूण

### शौचालय में मिला भ्रूण की सूचना आग की तरफ फैली, अस्पताल में मचा हड़कंप

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**नागरिक अस्पताल** के आपातकालीन कक्ष के शौचालय में भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। कक्ष में तैनात चिकित्सक ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस मौके पर पहुंची। जहां भ्रूण को कब्जे में लेकर शवगृह में भिजवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। अस्पताल के सबसे महत्वपूर्ण कक्ष में भ्रूण मिलने से कक्ष के साथ-साथ परिसर में सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए है। कक्ष के मुख्य द्वार पर लगा सीसीटीवी कैमरा बंद मिला। वहीं कक्ष के अंदर लगे सीसीटीवी की पुलिस ने करीब 7 घंटे की सीसीटीवी को खंगाला है। लेकिन कुछ हाथ नहीं लग पाया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में रात्रि के समय तैनात चिकित्सक डा. संजय फोगाट ने बताया कि वह अपने सहयोगी के साथ डयूटी पर तैनात था। अलग सुबह सफाई कर्मचारी ने अवगत करवाया कि वार्ड के अंदर बने शौचालय की सफाई कर रहा था। उसी दौरान उसने शौचालय की सीट में भ्रूण पड़ा हुआ दिखाई दिया। मामले को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारियों को उसने अवगत करवाया। उसके बाद मौके पर जाकर देखा तो सीट के अंदर भ्रूण पड़ा हुआ था। उसे बाहर निकालकर देखा तो भ्रूण लड़के का था। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भ्रूण को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया। जोकि करीब चार से पांच माह का भ्रूण मिला। चिकित्सक ने डीएनए के लिए सैंपल लेकर सील कर दिए है। पुलिस ने चिकित्सक के बयान पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

**मुख्य द्वार का सीसीटीवी खराब, सुरक्षा को लेकर उठे सवाल-**
अस्पताल प्रबंधन की तरफ से आपातकालीन कक्ष सहित परिसर की सुरक्षा को लेकर लाखों रुपये खर्च कर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं थे।

हरियाणा सरकार

G20 भारत 2023 INDIA



"इस यात्रा में सरकार मिशन मोड में है। देश के गांव -गांव जायेगी। हर गरीब, हर वंचित जो सरकारी योजनाओं के लाभ का हकदार है उसे लाभार्थी बनाया जाएगा। ग्राम स्वराज अभियान की तरह ही हमें विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी पूर्ण सफलता मिलेगी।"

- नरेन्द्र मोदी

30 नवम्बर, 2023 को
**श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**
का यात्रा में संबोधन

# विकसित भारत संकल्प यात्रा

15 नवम्बर, 2023 से 25 जनवरी, 2024



एल.ई.डी. वाहनों के माध्यम से 6222 पंचायतों व 88 नगर निकायों को किया जाएगा कवर

हरियाणा में लगभग 7 हजार कार्यक्रम होंगे आयोजित

कार्यक्रम स्थल पर स्थापित हेल्प डेस्क के माध्यम से विभिन्न सरकारी सेवाओं तथा योजनाओं का लोगों को मौके पर मिलेगा तुरंत लाभ

## हरियाणा में यात्रा का शुभारंभ

**श्री मनोहर लाल**
मुख्यमंत्री, हरियाणा
द्वारा

30 नवम्बर, 2023
फतेहपुर बिल्लौच, फरीदाबाद

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार, 30 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 320 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## 'अरबिंदो मार्ग' का नाम बदलकर 'श्री अरबिंदो मार्ग' किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने बुधवार को बैठक की। बैठक की अध्यक्षता एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव ने की। इस बैठक में उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, विधायक और सदस्य -एनडीएमसी वीरेंद्र सिंह कादियान, परिषद के सदस्य कुलजीत सिंह चहल, विशाखा शैलानी और गिरीश सचदेवा की उपस्थिति में विभिन्न नागरिक केंद्रित, बुनियादी ढांचे और कर्मचारी कल्याण संबंधी प्रस्तावों पर विचार किया और उन्हें मंजूरी भी दी गई।
**कल्याण से संबंधित प्रस्ताव :** एनडीएमसी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले 'अरबिंदो मार्ग' का नाम बदलकर 'श्री अरबिंदो मार्ग' रखा गया। एनडीएमसी से मिली जानकारी के अनुसार, लोगों की भावनाओं का सम्मान करने, हमारे समय के महापुरुषों और महिलाओं को पहचानने और उनका सम्मान करने की आवश्यकता के लिए, सड़कों/संस्थानों का अतीत में नाम बदला गया है।
अरबिंदो मार्ग-तुगलक रोड के अंत से कुतुब मीनार, महरौली तक फैली एक लंबी सड़क है। एनडीएमसी क्षेत्र में अरबिंदो मार्ग, तुगलक रोड के अंत से शुरू होकर यूसुफ सराय मार्केट पर समाप्त होती है और सड़क का बाकी हिस्सा यानी यूसुफ सराय से कुतुब मीनार, महरौली तक पीडब्ल्यूडी के अधिकार क्षेत्र में आता है।

## एमसीडी सदन में हंगामा: भाजपा पार्षदों ने दिखाई तख्तियां


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** नगर निगम सदन की बैठक में बुधवार को जोरदार हंगामा हुआ। जिसके बाद सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया है। भाजपा पार्षद प्लेकार्ड लेकर स्थायी समिति या वार्ड समिति के गठन की मांग कर रहे हैं। भाजपा ही नहीं कांग्रेस ने भी हंगामा किया। दिल्ली के सिविक सेंटर में दिल्ली नगर निगम के पार्षदों की बैठक बुलाई गई थी। जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो इसके बाद थोड़ी देर में ही भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस के पार्षदों ने भी स्थायी समिति या वार्ड समिति के गठन की मांग की है। इसके लिए 22 महत्वपूर्ण प्रस्ताव एजेंडे में शामिल हैं। जिन्हें सदन में से पास कराना है।
**इन प्रस्तावों को पास कराना चाहती है आप :** सदन में पिछली बैठक हंगामे के चलते महज पांच मिनट ही चल पाई थी और इस बीच 50 से ज्यादा प्रस्ताव बिना चर्चा के पास किए गए थे। इस बार सदन की बैठक में निगम स्कूलों के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाने, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती करने और सफाई कर्मियों को नियुक्त करने का प्रस्ताव हैं। डीबीसी कर्मियों के आश्रितों की भर्ती के संबंध में भी एजेंडा हैं, फिल्म पॉलिसी में परिवर्तन और एक जून को म्यूनिसिपल डे मनाने से संबंधित प्रस्ताव भी इसमें शामिल हैं।
**इस प्रस्ताव को लेकर है विवाद :** एजेंडे में शामिल एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को लेकर सत्ता पक्ष ने पहले ही पल्ला झाड़ लिया है कि ये निगम अधिकारियों द्वारा एजेंडे में शामिल किया गया प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव को लेकर नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने सत्ता पक्ष पर गंभीर आरोप लगाया। उनका आरोप है आप पार्टी निगम के अफसरों से सांठ गांठ कर दिल्ली में टोल टैक्स एकत्रित करने वाली कंपनी को करीब 46 करोड़ रुपये का भुगतान कराने संबंधी प्रस्ताव पास कराना चाहती है।
उन्होंने बताया कि इससे पहले ये प्रस्ताव निगम के पूर्व विशेष अधिकारी अश्वनी कुमार के पास गया था, तब उन्होंने इस प्रस्ताव से संबंधित फाइल को कुछ आपत्तियां लगाकर वापस भेज दिया था। इसी प्रस्ताव को दोबारा सदन में लाकर पास कराने की तैयारी है। सदन में ये प्रस्ताव पास हुआ तो विपक्ष इसका जबरदस्त विरोध करेगा।

**गठन की मांग**

- 8 भाजपा पार्षद प्लेकार्ड लेकर स्थायी समिति या वार्ड समिति के गठन की मांग कर रहे
- 8 आश्रितों की भर्ती के संबंध में भी एजेंडा हैं, फिल्म पॉलिसी में परिवर्तन और एक जून को म्यूनिसिपल डे मनाने से संबंधित प्रस्ताव भी इसमें शामिल हैं।



## दिल्ली में बनेगा एक और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने जा रहा है।
स्टेडियम बनाने के लिए दिल्ली के नरेला में 50 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई है। अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के साथ-साथ फाइव स्टार होटल, वर्ल्ड क्लास मेडिकल फैसिलिटी सुविधा विकसित की जाएगी।
**डीडीए चिह्नित की 50 एकड़ जमीन:** बता दें कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने डीडीए से फुटबॉल, हॉकी और अन्य ओलंपिक खेलों से संबंधित खेल बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए आसपास के क्षेत्र में जमीन की पहचान करने को कहा है। इसके बाद डीडीए ने नरेला में 50 एकड़ जमीन को चिह्नित किया है।
**ओलंपिक की मेजबानी को लेकर तैयारी:** डीडीए की तरफ से यह उपराज्यपाल के निर्देश पर उठाया गया है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने ओलंपिक-2036 की मेजबानी के लिए दिल्ली के दावों को मजबूत करने के उद्देश्य से फुटबॉल, हॉकी और अन्य ओलंपिक खेलों से संबंधित खेल के बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए आसपास के क्षेत्र में जमीन को चिह्नित करने के लिए कहा था।

## सुक्खा की मौत का बदला लेने के लिए रची थी साजिश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
गैंगस्टर से खालिस्तानी आतंकी बने अर्शदीप डल्ला आतंकी सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा दूनिके की हत्या का बदला लेने के लिए पंजाब की मशहूर सिंगर एली मंगत की हत्या करवाना चाहता था। उसे लगता था कि सुक्खा की कनाड़ा में जब लारेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ ने हत्या की है उस समय एनी मंगत ने इन दोनों का साथ दिया था। अर्शदीप किसी भी सूरत में एनी मंगत की हत्या करवाना चाहता है। दूसरी तरफ कोर्ट में पेशी के लिए नहीं आने पर बदमाश नवदीप उर्फ छत्ता की जान बच गई थी। भारत और कनाडा तनावपूर्ण रिश्तों के बीच कनाडा में गैंगस्टर सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा दूनिके की सितंबर महीने हत्या कर दी गई थी। गोल्डी बराड़ और लॉरेंस विश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पर उसकी हत्या की जिम्मेदारी ली है। हमलावरों ने नौ गोलियां सुक्खा के सिर में मारी थी। इससे पहले 18 जून को कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाड़ा के तनावपूर्ण रिश्ते चल रहे हैं। सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा दूनिके पंजाब का गैंगस्टर और खालिस्तानी संगठन से जुड़ा चेहरा था। सुक्खा पंजाब के मोगा में दूनिके गांव का रहने वाला था। सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा 2017 में फर्जी पासपोर्ट पर कनाडा भाग गया था। सुक्खा पर पंजाब में हत्या, हत्या की कोशिश, जबरन वसूली के 18 मामले दर्ज हैं। पंजाब के कबड्डी खिलाड़ी संदीप नग्गल की हत्या का आरोप भी उस पर है। सुक्खा आतंकी अर्शदीप डल्ला का बेहद करीबी था। फिलहाल वो बंबिहा गैंग में शामिल होकर कनाडा से जबरन वसूली का रैकेट चला रहा था। बंबिहा गैंग गोल्डी बराड़ और लॉरेंस विश्नोई का विरोधी गैंग है।
**कर ली थी मंगत की रेकी:** गिरफ्तार शूटर राजप्रीत और विरेंद्र ने खुलासा किया है कि उनको अर्शदीप उर्फ डल्ला की ओर से पंजाब के मशहूर सिंगर एनी मंगत की हत्या का आदेश मिला था। इसके लिए इन लोगों ने बठिंडा स्थित उसके घर की रेकी कर ली थी। अक्तूबर में उस पर हमला का प्रयास किया गया था, लेकिन उस दिन वह घर मौजूद नहीं था। दूसरी तरफ कोर्ट में पेशी के लिए नहीं आने पर बदमाश नवदीप उर्फ छत्ता बच गया था। दोंनों शूटरों ने मुक्तसर कोर्ट में ही हत्या की साजिश रची गई थी।
**सीमा पार से आए हैं हैंडग्रेनेड:** स्पेशल सेल के पुलिस अधिकारियों के अनुसार शूटरों के कब्जे से बरामद हैंडग्रेनेड देखने में चाइनीज लग रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि ये पाकिस्तान होकर भारत लाए गए हैं। आरोपी इनका इस्तेमाल अपने बचाव में करते थे। अगर ये किसी वारदात के दौरान घिर जाते हुए ये हैंडग्रेनेड का इस्तेमाल कर फरार होते।



## विवेक विहार: एक हजार रुपये को लेकर दो गुटों में मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विवेक** विहार थाना क्षेत्र में एक हजार रुपये को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया। पीड़ित मोनू अहेरवार और शिव कुमार ज्वाला नगर में रहते हैं। आरोप है कि पीड़ित मोनू को शिव कुमार ने जमीन पर गिराकर उसके गुप्त अंग पर लात मारी। वहीं, दूसरी ओर से मोनू ने उसकी नाक पर धारदार हथियार से हमला किया। दोनों को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद दोनों पक्षों की ओर से शिकायत लेकर प्राथमिकी पंजीकृत की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पड़ताल कर रही है।
**युवक को पार्क में घेरा**
पीड़ित मोनू रविवार दोपहर के समय किसी काम के लिए घर से बाहर निकला। इस बीच अंबेडकर पार्क के पास उसे आरोपित शिव कुमार, मुकेश व अन्य ने घेर लिया। मोनू को मुकेश नामक युवक के एक हजार रुपये वापस करने थे। इन लोगों ने मोनू से रुपये मांगे, तो मोनू ने बाद में देने की बात की तो आरोपितों ने उसकी पिटाई कर दी। दूसरी ओर पीड़ित शिव कुमार ने बताया कि रुपये मांगने पर मोनू ने फोन मर महिलाओं को बुलवा लिया। इसके बाद महिलाओं ने उसकी पिटाई कर दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और मोनू ने उसकी नाक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।





## पुलिस ने ऑटो लिफ्टर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्कूटी के शौकीन एक ऑटो लिफ्टर को द्वारका जिला के एंटी बर्गलरी सेल की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ऑटो लिफ्टर की पहचान सचिन उर्फ मोटा के रूप में हुई है। इसके पास से पुलिस टीम ने चोरी की तीन स्कूटी भी बरामद की है। यह पहले से आधा दर्जन अलग-अलग मामलों में शामिल भी रहा है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि इलाके में हो रही स्कूटी चोरी की वारदात को देखते हुए एंटी बरगलरी सेल की पुलिस टीम को छानबीन के लिए और आरोपी को पकड़ने के लिए लगाया गया था। इंस्पेक्टर विवेक मंडोला की देखरेख में पुलिस टीम ने मामले की छानबीन शुरू की और सचिन उर्फ मोटा के बारे में जानकारी

## ठग सुकेश और जैकलीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अवतार सिंह को बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर और बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी अवतार सिंह कोचर को आज बुधवार को बड़ी राहत मिली है। ताजा मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने आज बुधवार को अवतार सिंह कोचर को मनी लॉन्ड्रिंग के साथ-साथ मकोका मामले में भी जमानत दी है। वह कथित तौर पर सुकेश चंद्रशेखर और बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं। वह पिछले दो साल से हिरासत में थे। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने हिरासत की अवधि, उनकी उम्र और उनकी चिकित्सा स्थितियों पर विचार करने के बाद अवतार सिंह कोचर को जमानत दे दी। हाईकोर्ट ने जमानत देते हुए कहा कि आरोपी को हर मामले में पांच लाख रुपये का निजी बांड और इतनी ही राशि के दो जमानत बांड भरने होंगे।



## 'दिल्ली की हवा की गुणवत्ता कभी बेकार स्तर पर न जाए'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी से लेकर एनसीआर तक लगातार बेहद खराब स्थिति में चल रही हवा की गुणवत्ता के मामले का स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई कार्यवाही पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने कहा कि दिल्ली की हवा की गुणवत्ता कभी बेकार स्तर पर न जाए, इसके लिए विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करें। एनजीटी ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों से उम्मीद है कि वो ऐसा प्लान तैयार करके काम करें कि ग्रेप-1 लागू करने की जरूरत न पड़े। इस दौरान जमीनी स्तर पर हालात न सुधरने पर दिल्ली सरकार, डीपीसीसी, सीपीसीबी को कटघरे में खड़ा किया। मामले में अगली सुनवाई छह दिसंबर को होगी। पिछली सुनवाई पर एनजीटी ने दिल्ली सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा था कि दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार करने के लिए दिल्ली सरकार के पास इच्छाशक्ति नहीं है। एनजीटी ने पूछा था कि आपकी टीमें क्या कर रही हैं, आखिर सुधार कहां है। एनजीटी ने कहा था कि सरकार पर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उचित प्रयास नहीं करने का आरोप है। एनजीटी ने कहा था कि कोई उचित प्रयास देखने को नहीं मिल रहा है और प्रशासन विफल हो गया है। एनजीटी ने उक्त टिप्पणी करते हुए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डीपीसीसी) और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) सहित अधिकारियों को नई कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।
सुनवाई के दौरान एनजीटी ने सीपीसीबी, डीपीसीसी व एमसीडी द्वारा दाखिल की गई रिपोर्ट पर सवाल उठाया था। एनजीटी ने कहा था कि पूर्व के आदेश के बावजूद भी वायु प्रदूषण को कम करने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। एनजीटी ने कहा कि दिल्ली में वायु गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हो रहा है। एनजीटी ने अधिकारियों को अगली रिपोर्ट में यह बताने को कहा कि निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगाने समेत अन्य पहलुओं पर क्या कार्रवाई की गई।



## आदर्श नगर पुलिस कस्टडी मौत मामला: भारी पुलिस बल के बीच हुआ अंतिम संस्कार








**नई दिल्ली/ टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के आदर्श नगर थाने में पुलिस हिरासत में हुई मौत का मामला खूब सुर्खियों में रहा। मामले में न्यायिक जाँच भी हुई और 7 पुलिस कर्मियों को सस्पेंड करने की करवाई भी की जा चुकी है। बुधवार देर शाम मृतक का शव जैसे ही घर पहुँचा वैसे ही परिजनों के रोने-बिलखने की आवाजे आनी शुरु हो गई। सभी की आँखें नम थी। गमोंगुस्से का माहौल था। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान क्षेत्रवासियों की भी भारी मौजूदगी रही।
इस बीच शव को श्मशान घाट तक ले जाते समय जोर जोर से दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारे लगता लोगों का हुजूम सब कुछ खुद-ब-खुद बयान कर रहा था।
मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए भारी पुलिस अमला मौके पर मौजूद था। घर से लेकर श्मशान तक स्थानीय पुलिस से लेकर रैपिड एक्शन फोर्स तक, सभी पूरी मुस्तैदी से तैनात रहे।
आपको बता दें कि दिल्ली के आदर्श नगर थाने में हिरासत के दौरान एक 32 वर्षीय युवक सूरज प्रकाश उर्फ आशू की मौत हो गई थी। पुलिस कस्टडी में हुई इस मौत ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिये। मामले ने तूल पकड़ा तो न्यायिक जाँच के आदेश हुए। इस मामले में अब तक 7 पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया जा चुका है। पोस्टमार्टम होने का बाद आज जब मृतक का शव घर पहुँचा तो परिवार, रिश्तेदार और पड़ोसी। सभी की आँखें नाम थी। सबकी आँखें सिर्फ एक हो सवाल पूछ रही थी कि ऐसा क्यों हुआ। स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। फिलहाल इस मामले में दिल्ली पुलिस बहुत ही फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। न्यायिक जांच की रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोट और अन्य जांच के बाद तस्वीर और साफ हो पाएगी।

# 'नाईट फूड स्ट्रीट में उपलब्ध होंगे कई प्रकार के व्यंजन'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में गांधी ग्राउंड के साथ बन रही नाईट फूड स्ट्रीट में अलग-अलग प्रकार के बेहतरीन व्यंजन उपलब्ध होंगे और यहां पर आने वाले लोगों के कई सुविधाएं होगी। विज अपने आवास पर अम्बाला छावनी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि छावनी में बेहतरीन नाइड फूड स्ट्रीट को बनाया जाए जहां पर दुकानदारों के साथ-साथ यहां पर आने वाले लोगों को भी विभिन्न प्रकार की बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने नाइट फूड स्ट्रीट में साफ-सफाई के साथ-साथ बेहतरीन लाइट्स लगाने के निर्देश दिए ताकि रात्रि में फूड स्ट्रीट शहर में आकर्षण का केंद्र बन सके। नाइट फूड स्ट्रीट में आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की बेहतर व्यवस्था, सेंट्रल कूलिंग सिस्टम आदि लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अन्य पहलुओं पर नगर परिषद अधिकारियों से चर्चा की। विज ने बताया कि नाइट फूड स्ट्रीट के ठीक साथ जगाधरी रोड से इंदिरा पार्क पुलिया तक गत दिनों नई रोड बनाई गई थी अब इंदिरा पार्क पुलिया से विजय रतन चौक तक गांधी मार्केट के पिछली तरफ नई सड़क बनेगी। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा लगभग 94 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य के टेंडर आमंत्रित कर लिए गए हैं।

भविष्य में वाहन चालक जगाधरी रोड से इस नई रोड के माध्यम से सीधे विजय रतन चौक पर पहुंच जाएंगे। बैठक के दौरान नगर परिषद के ईओ जरनैल सिंह, एक्सईएन मनदीप सिंह, एमई हरीश शर्मा, भाजपा मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिम्पल, विजेंद्र चौहान व किरणपाल चौहान के अलावा महासचिव श्याम सुंदर अरोड़ा व अन्य मौजूद रहे।

**नगर परिषद द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया में लगाई जाएंगी कई स्ट्रीट लाइट : अनिल विजः** गृह मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद अधिकारियों को छावनी इंडस्ट्रियल एरिया में स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नप अधिकारियों से कहा कि वह पूरे इंडस्ट्रियल एरिया का सर्वे करें और जहां-जहां जिन-जिन प्वाइंट पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी है उसे जल्द लगाया जाए ताकि रात्रि में भी यहां जगमग रोशनी हो सके।

**छावनी के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण कार्य की जानकारी लीः** गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि छावनी में 280 से ज्यादा सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने नप अधिकारियों से विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के टेंडर अलॉटमेंट आदि की जानकारी ली

और कहा कि जिनके टेंडर अलॉट हो चुके हैं वह कार्य जल्द प्रारंभ किए जाए। अधिकारियों ने बताया कि कई सड़कों की टेंडर प्रक्रिया चल रही है जिनपर जल्द कार्य प्रारंभ होगा।

# अवैध खनन को लेकर डीसी ने अधिकारियों के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपायुक्त डॉ.** शालीन ने अवैध खनन विषय को लेकर सम्बधिंत अधिकारियों की एक बैठक लेकर सम्बधित अधिकारियों को निर्देश दिए की अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जायेगा। जो भी नियमों की अवहेलना करता है, नियमानुसार उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। उपायुक्त आज अपने कार्यालय में अवैध खनन विषय को लेकर जिला स्तर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते रहे थे। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए एजेंडे में रखे बिन्दूवार सम्बधिंत अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान जिला खनन अधिकारी राजेश कुमार ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि पिछले दो माह में 28 वाहनों को जब्त करने का काम किया गया हैं जिनसे करीब 39 लाख 70 हजार 100 रूपए का जुमार्ना वसूल किया गया हैं।

इसके साथ-साथ 31 एफआईआर भी पुलिस द्वारा दर्ज की गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि रिवैन्यू के तौर पर दो माह में 95 लाख 55 हजार 217 रुपए की राशि भी वसूली गई है। उपायुक्त ने बैठक के दौरान पटवी पुलिस चौकी के नजदीक पुलिस नाका लगा होना सुनिश्चित होना चाहिए और रोस्टर के मुताबिक सम्बन्धित विभागों के उच्च अधिकारी इस नाके पर तैनात होकर अवैध खनन की जो भी गतिविधि होती है उस पर नजर रखते हुए वहां पर लगाम लगाना सुनिश्चित करें। मकसद अवैध खनन को रोककर उस पूर्णतः नकेल कसना है। प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रिय प्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि जिले में 50 स्क्रीनिंग प्लांट हैं, जिला स्तर पर गठित टीम द्वारा 29 स्क्रीनिंग प्लांट चैक करते हुए नियमानुसार उन्हें बंद करने का काम भी किया गया है। उन्होंने यह भी बताय कि स्क्रीनिंग प्लांट को बंद करने से पहले सम्बन्धित को श्योकेस नोटिस जारी कर पक्ष रखने बारे भी कार्रवाई की गई है।

उपायुक्त ने शेष बचे स्क्रीनिंग प्लांट को भी चैक करने के निर्देश देते हुए आगामी बैठक से पहले उसकी रिपोर्ट उनके कार्यालय में देने बारे निर्देश दिए।

जिला खनन अधिकारी राजेश कुमार ने उपायुक्त को यह भी बताया कि जिले में 83 ईंट-भे स्थापित हैं जिनसे माईनिंग रियोल्टि के तौर पर जो राशि है वह ली जा रही है। इनमें से अधिकतर ने माईनिंग रियोल्टि की राशि दे दी है, जिन्होंने यह राशि जमा नहीं करवाई है उन्हें नोटिस देकर यह राशि जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में एसडीएम सी जय शारदा, एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, डीटीओ सुशील कुमार, जिला खनन अधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी अनिल कुमार, प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रिय प्रबंधक अजय कुमार, इंस्पेक्टर ओम प्रकाश साथ-साथ सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहें।

## न्यूज फ्लैश

### श्री दुर्गा मंदिर में बैठक कर 11 सदस्य कमेटी की गठित

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**
**ज्योति** कॉलोनी के श्री दुर्गा मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी से विचार विमर्श करके मंदिर की एक 11 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। श्री दुर्गा मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि आज 11 मेंबर कमेटी का गठन किया गया है जो मंदिर को सुंदर बनाने व मंदिर में आने वाले भक्तों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए रूपरेखा तैयार करेगी। क्योंकि हिंदू धर्म में मंदिर एक ऐसा स्थान है जहां पर लोग श्रद्धा के साथ आते हैं और भगवान के चरणों में शीश झुका कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की नीतियों के बारे में लोगों को अवगत कराया।

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**
**भारतीय जनता** पार्टी हरियाणा प्रदेश द्वारा विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग आयोजन किया गया ' जिसमें भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, भारत भूषण मिड्ढा , राजकुमार शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर सत्र की शुरुआत करी। शुरुआती सत्र में भारत भूषण मिड्ढा कार्यक्रम की अध्यक्षता करी और संगठन महामंत्री ने स्वागत उद्बोधन दिया। संगठन महामंत्री ने कार्यकताओं को संगठन निर्माण के गुण सिखाए। महामंत्री ने बूथ समिति निर्माण, पन्ना निर्माण आदि के बारे में विस्तार पूर्वक विस्तार को जानकारी दी। द्वितीय सत्र में करनाल लोकसभा से सांसद संजय भाटिया ने सत्र को संबोधित किया संजय भाटिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की नीतियों के बारे में लोगों को अवगत कराया। तृतीय सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने सत्र को संबोधित किया जिसमें उन्होंने पार्टी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

### धोखाधड़ी करके खाते से पैसे निकालने वाले दो गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना निसिंग** की टीम द्वारा फोन कॉल कर धोखाधड़ी करके खाते से पैसे निकालने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से दो लाख की नकदी बरामद की गई है। इस संबंध में 10 मई को शिकायतकर्ता मंदीप सिंह वासी डाचर ने शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता का खाता जलमाना के इंडुसेंड बैंक में है। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसके पास किसी नामालुम नंबर से कॉल आई और ओटीपी बताने के लिए कहा गया। लेकिन शिकायतकर्ता ने कोई ओटीपी नही बताया। लेकिन फिर भी शिकायतकर्ता के खाते से करीब दस लाख रुपए निकाल लिए गए और कुछ देर बाद पांच लाख रुपए शिकायतकर्ता के खाते में वापिस आ गए। परंतु बाकी पांच लाख रुपए उसके खाते में नहीं आए। जो कि शिकायतकर्ता मंदीप के साथ नामालुम व्यक्ति ने धोखाधड़ी करके उसके खाते से पांच लाख रुपए निकाल लिए गए है। शिकायत के संबंध में नामालुम आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में 16 मई को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

इस मामले में थाना निसिंग पुसिस ने विश्वसनीय सूचना पर दिल्ली से आरोपी दीपक पुत्र जगपाल सिंह और वरुण पुत्र हरीश वासियान सिद्धार्थ नगर आश्रम दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से धोखाधड़ी किए हुए दो लाख रुपए बरामद किए गए। आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पुलिस ने नाबालिग को तलाश कर उसके माता-पिता को सौंपा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) माननीय** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के निर्देशानुसार व पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के नेतृत्व में अम्बाला पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के दौरान लावारिस/गुमशुदा नाबालिग बच्चे को तलाश कर उसके परिजनों को सौंप कर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाई। 1 नवम्बर 2023 से 30 नवम्बर 2023 तक ऑप्रेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत लावारिस/गुमशुदा, लापता अथवा बिछुड़ गए बच्चों को ढूंढ कर उनके माता-पिता या वारिसों तक पहुँचाने का लक्ष्य है। अम्बाला पुलिस ने इस विशेष ह्यह्यमुस्कानह्लह्ल अभियान के दौरान थाना पंजोखरा क्षेत्र से पटवी पुलिस ने लावारिस/गुमशुदा बच्चा जिसका नाम शहनशाह पुत्र श्री अजय मांझी उम्र करीब 4 वर्ष निवासी गाँव चेरों जिला नालन्दा बिहार वर्तमान पता गिल ईंट भट्ठा गाँव धनाना को तलाश कर उसके परिजनो को सौंप कर सराहनीय कार्य किया है।

इस अभियान के दौरान अम्बाला पुलिस ने बच्चे को सम्बन्धित माता-पिता (परिजनों) के पास पहुँचाकर उनकी मुस्कान लौटाने का सराहनीय कार्य किया है ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन पहुंची पानीपत

## एडीसी वीना हुड्डा ने बडौली गांव के राजकीय स्कूल में ली अधिकारियों की बैठक

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**एडीसी वीना** हुड्डा ने बुधवार को बडौली गांव के राजकीय स्कूल में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर सभी अधिकारियों की बैठक ली और कहा कि सभी अधिकारी इस यात्रा में अपने विभागों से संबंधित सभी योजनाओं का अच्छी प्रकार से प्रचार प्रसार करें और कोई भी अधिकारी कोताही ना बरते। उन्होंने कहा कि वीरवार को सुबह 10 बजे कुरुक्षेत्र लोकसभा के सांसद नायब सैनी विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभांरभ पर बतौर मुख्य अतिथि गांव बडौली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र और प्रदेश सरकार का फ्लैगशिप कार्यक्रम है इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी इसमें व्यक्तिगत रुचि लेकर कम करें और किसी भी तरह की कोई कोताही ना बरतें।

# सेवक बनाकर लोगों की सेवा करूंगा यही मेरे जीवन का लक्ष्य: कृष्ण लाल पवार

## राज्यसभा सांसद ने पांच गांव के लोगों की जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से सुनीं समस्याएं

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**राज्यसभा सांसद** कृष्ण लाल पवार ने बुधवार को नौल्था, डिडवाड़ी, गवालडा व चमराड़ा में जन संवाद के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को मौके पर ही उनके समाधान के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा अब तक 30 जन संवाद कार्यक्रम कर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया जा चुका है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि आज प्रदेश के खिलाड़ी खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। चीन में आयोजित एशियाई खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन यह साबित करता है कि सरकार ने जो खेल नीति तैयार की है व ह बेहतरीन है वह खिलाड़ी इसका लाभ ले रहे है।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री मजदूर व किसान वर्ग के हित में योजना तैयार करते हैं जिन ग्रामीणों के खेत के रास्ते पक्के हैं उनके रास्तों को हर हाल में पक्का करवाया जाएगा।

राज्य सभा सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश को मजबूत पहचान मिली है। ओलावृष्टि में आपातकाल स्थिति में सरकार किसानों को मुआवजा के रूप में 15 हजार रुपए प्रति एकड़ देती है जो पूर्व सरकारी नहीं दे पाई। वृद्ध सम्मान भत्ता में वृद्धि करके वृद्धों का सम्मान किया है।

# भगौड़ा घोषित अपराधी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना सिविल** लाइन की टीम ने एक पीओ अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना सिविल लाइन की टीम ने जेएमआईसी गुलशन वर्मा द्वारा अदालत के आदेशों की उल्लंघना करने वाले पीओ आरोपी विनोद कुमार पुत्र ज्ञान चंद वासी वाजिदपुर करनाल को गिरफ्तार किया। आरोपी विनोद को कोर्ट के आदेशों की उल्लंघना करने पर जेएमआईसी गुलशन वर्मा द्वारा 7 नवंबर को पीओ घोषित किया गया था। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में आईपीसी की धारा 174। के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# सीजीएम ने सब डिविजन नारायणगढ़ का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम सौरभ गुप्ता ने अम्बाला ने सब डिवीजन नारायणगढ मे दौरा किया एवं पैनल अधिवक्ताओं से उनके केसीस के बारे मे बातचीत की और समस्यॉए सुनी व मार्गदर्शन किया। उन्होने पैनल अधिवक्ताओ को निर्देश दिए कि वे मुकदमे से संबधित कारवाही की जानकारी आवेदनकर्ता को अवश्य देते रहे। सौरभ गुप्ता, सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिकसेवाप्राधिकरण, अम्बाला ने सब डवीजन नरायणगढ मे वातस्लय किशोरी कुंज और राधा कृष्ण आश्रम मे गए वहां पर बच्चो से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। सौरभ गुप्ता, सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला ने बताया कि सुश्री कंचन माही, जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के मार्गदर्शन मे प्रतिमाह जेल लोक अदालत का आयोजन किया जाताहै।राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 दिसम्बर 2023 को होना निश्चित हुआ है। इसके अलावा बिजली, पानी इत्यादि संबधित प्रीलिटिगेशन स्टेज पर मुकद में स्थायी लोक अदालत में लगाकार निपटाए जा सकते हैं। स्थायी लोक अदालत, जिला एडीआर सैंटर, अम्बाला में स्थापित है और किसी भी कार्य दिवस पर इसके मुकदमें लगा सकते है। अधिक जानकारी के लिए हैल्पलाइन नं. 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंनें जनसाधारण से अपील की कि वे लोक अदालत में लम्बित मुकदमें व प्रीलिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें रख कर उनका निपटारा करवाए जिससे आपसी समझौते से मुकदमें का निपटारा होने पर भाईचारे की भावना बढती है, समय व धन की बचत होती है और लोक अदालत में समझौता हुए मुकदमों की अपील भी नहीं होती।

# पानीपत पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पानीपत** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियारों सहित गैर कानूनी धंधे में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत मंगलवार देर शाम सीआईए थ्री पुलिस टीम ने मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर समालखा थाना क्षेत्र में गढ़ी छाजू मोड़ पर अवैध हथियारों की सप्लाई करने के लिए घूम रहे अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरोह के एक आरोपी को भारी मात्रा में अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की। पुलिस ने आरोपी के पास से 6 देसी पिस्तौल व 43 जिंदा रौंद बरामद किए। आरोपी की पहचान महफूज उर्फ फौजी निवासी बलजीत नगर के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित की टीम को मंगलवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि संदिग्ध किस्म का एक युवक समालखा में बापौली रोड पर गढ़ी छाजू मोड़ पर काले रंग का पीठू बैग लेकर खड़ा है। बैग में भारी मात्रा में अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान महफूज उर्फ फौजी पुत्र कौसर अली निवासी बलजीत नगर के रूप में बताई। युवक के बैग की तलाशी लेने पर 3 देसी पिस्तौल 315 बौर, 1 देसी पिस्तौल 30 बौर, 2 देसी पिस्तौल 32 बौर व 43 जिंदा रौंद मिले। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि प्रारंम्भिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह उक्त अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद समालखा व पानीपत क्षेत्र में अवैध रूप से सप्लाई कर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाना चाहता था। करीब 20 दिन पहले वह मध्यप्रदेश के धार जिला के एक गांव से 30 से 35 हजार रूपए में प्रति पिस्तौल खरीद कर लाया था। आरोपी महफूज उर्फ फौजी टेक्सी पर ड्राइवरी करता है। आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी महफूज को बुधवार को माननीय न्यायायल में पेश किया जहा से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

# प्रोफेसर दलजीत कुमार बेहतरीन कार्यो के लिए हुए सम्मानित



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**देशबन्धु गुप्ता** राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इतिहास विभाग में कार्यरत सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार बेहतरीन कार्यो के लिए प्लगइन पीआर और मार्केटिंग ग्रुप नोएडा, उत्तर प्रदेश द्वारा बेस्ट इनवायरमेंटलिस्ट इन इंडिया अवॉर्ड -2023 " से सम्मानित किया गया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि लगातार कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के कार्यो के लिए प्लगइन पीआर मार्केटिंग ग्रुप दिल्ली द्वारा ऑनलाइन पर्यावरण संरक्षण के तहत हजारों पौधे रोपित करके उनका संरक्षण करने,चार महाविद्यालयो में सुखेपत्तो से जैविक खाद बनाने की मुहीम,ऑक्सीजन पार्क, हर्बल बॉटनिकल गार्डन, नैनो हर्बल गार्डन निर्माण के साथ, " धन्यवाद नहीः एक पौधा लगाए" मुहीम व दूसरी मुहीम "" एक पौधा अपने लिए :एक पौधा माँ-बाप के नाम पर लगाए "" इन विभिन्न अभियानों से हजारों विद्यार्थी और गणमान्य लोग जुड़ चुके हैं जिसके लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार की खुशी में इको क्लब के विद्यार्थियों को मिठाई बांट कर व महाविद्यालय के हर्बल गार्डन में पौधारोपण करके अपने विद्यार्थियों के साथ खुशी सांझा की। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने इस कामयाबी के लिए इको क्लब के विद्यार्थियों, महाविद्यालय की प्राचार्या संजू अबरोल, महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों, परिवार व मित्रो को दिया जिन्होंने समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण के कामो में सहयोग दिया।

# प्रभारी व कार्यकारिणी सदस्य ने जिला महिला मोर्चा के साथ की बैठक



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**भाजपा** महिला की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता दांगी और संगठन मंत्री के आदेश अनुसार जिला में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष इंदु कुकरेजा की अध्यक्षता में तहसील कैंप स्थित जिला कार्यालय में एक बैठक रखी गई। यह बैठक लोकसभा प्रभारी महिंद्रा चौहान और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रजवंती पांचाल द्वारा ली गई। इस बैठक में लोकसभा प्रभारी महिंद्रा चौहान ने सभी बहनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री ने महिला उत्थान के लिए योजना चला रखी हैं पानीपत की धरती से ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा शुरू हुआ था जिससे आज देश की बेटी अपने आप को सुरक्षित व गर्व महसूस कर रही है।

# विधायक राजेश नागर ने जन संवाद कार्यक्रम कर सुनी लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** विधायक राजेश नागर की अध्यक्षता में आज बुधवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र के गाँव शाहजहांपुर, मछ्गर, बहवलपुर, नरहावली, छायसां में जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया। सभी विभागों के जिला अधिकारी भी जन संवाद कार्यक्रमों में मौजूद रहे। वहीं जन संवाद कार्यक्रम में विधायक राजेश नागर प्रदेश के मुख्यमंत्री के विशेष दूत बनकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुन रहे थे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा सरकार में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बिन खर्ची और बिन पर्ची से योग्य युवाओं मैरिट पर सरकारी नौकरी मिल रही है। सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की निति चलते हुए जनकल्याणकारी कार्य कर रही है।आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली से घर बैठे लोगों को सरकारी योजनाओं की सुविधाए मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अन्तोदय योजना के तहत गरीब परिवारों को सभी सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं की सुविधाएं आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये प्रदान कर रही है। समाज के अन्तिम छोर के व्यक्तियों को सरकारी सुविधाओं को देने के लिए कारगर साबित हो रही है। गरीब परिवारों का केन्द्र सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये की धनराशि के फ्री में इलाज करवा जा रहा है। वहीं हरियाणा सरकार द्वारा चिरायु हरियाणा योजना के तहत सामान्य वर्ग के परिवारों को भी पांच लाख रुपये की धनराशि तक प्रति परिवार प्रति वर्ष इलाज करवाया जा रहा है। प्रदेश में अबतक लगभग 14 लाख परिवारों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने लोगों की भलाई के लिए आयुष्मान

**जनसंवाद कार्यक्रम**

**8 सरकार सबका साथ सबका विकास की निति चलते हुए जनकल्याणकारी कार्य कर रही है**

योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना को क्रियांवित किया है। इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना का लाभ देना है। विधायक राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की निति चलते हुए जनकल्याणकारी कार्य कर रही है। जिससे आमजन को योजनाओं का त्वरित लाभ प्राप्त हो रहा है। केंद्र व प्रदेश की सरकार



पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचकर अन्त्योदय का सपना साकार कर रही है। विधायक श्री राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जन समस्याओं के समाधान के लिए गम्भीरता से कार्य कर रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरुप आज बिन पर्ची और खर्ची के योग्य युवाओं को मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। तिगावं के विधायक राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य व शिक्षा सहित बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कर्तसंकल्प है। इसी कड़ी में सरकार के नुमाइंदे जनता के बीच जाकर जन संवाद कार्यक्रमों के जरिये लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में अच्छी पहल की है।साकारत्मक सोच को क्रियान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व और कुशल मार्गदर्शन में सरकार के मंत्री, सांसद गण, विधायक गण प्रदेश के सभी गावों और शहरों के वार्डो में पहुंच कर वहां पर जन संवाद कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुन रहे है और मांगो और सुझावों को साँझे कर उनका मौके पर निवारण करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग की भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही है और प्रदेश के लोगों को हर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कर्तसंकल्प है। तिगावं के विधायक राजेश नागर ने जन संवाद कार्यक्रमों में की अध्यक्षता कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा उपस्थित अधिकारीयों को समस्याओं के समाधान के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। जनसंवाद कार्यक्रम में बीजेपी नेता सुखबीर मलेरना, एमसीएफ के संयुक्त आयुक्त करन सिंह भगोरिया, एडीसी राजेश कुमार, तहसीलदार भुमिका लाम्बा, सरपंच अनिल रावत बहवलपुर,शीशराम अवाना, अमित भारद्वाज, कृष्ण पहलवान, दयानन्द नागर, पार्षद मोहन डागर, पूर्व सरपंच ग्राहम सिंह, श्री लौहरे सिंह, गजन सिंह, अनिल रावत, रोहित सोलंकी, सत्यप्रकाश, सरपंच लौली मान सिंह, मैम्बर चतर, चन्द्रपाल सिंह, भारतपाल, किशन, सैकेट्री ब्रिकम सिंह सहित गावों के वरिष्ठ नागरिक व अधिकारी तथा सम्मानित सरदारी उपस्थित रही।

## संक्षिप्त खबरें

### शहरी क्षेत्रों में 70 फीसदी तक बढ़ सकते कलेक्टर रेट

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** शहरी क्षेत्रों के कलेक्टर रेट में 70 फीसदी तक बढ़ोत्तरी प्रस्तावित की गई है। वहीं तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर फरीदाबाद इलाके में 10 से 50 फीसदी तक बढ़ोतरी की संभावना है। प्रशासन की ओर से प्रस्तावित कलेक्टर रेट एक जनवरी से 31 दिसंबर 2024 तक वेबसाइट ंह्र्र्ीि.ल्लॢ.ल्ल पर अपलोड कर दिए गए हैं। इसके साथ ही प्रशासन ने कलेक्टर रेट को लेकर लोगों से आपत्ति और सुझाव मांगे हैं। इसे लेकर लोग अपने अपने क्षेत्र के बारे में सात दिसंबर तक सुझाव और आपत्ति सेक्टर-12 लघु सचिवालय में जमा करवा सकते हैं। इसके अलावा ई-मेल के माध्यम से अपनी आपत्ति या सुझाव दर्ज करा सकते हैं। जिसके बाद इन्हें लागू कर दिया जाएगा। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिला फरीदाबाद के प्रस्तावित कलेक्टर रेट एक जनवरी से 31 दिसंबर 2024 तक की वेबसाइट फरीदाबाद डॉट एनआईसी डॉट इन पर अपलोड कर दिए गए हैं। लोग प्रस्तावित कलेक्टर रेत के संबंध में अपनी आपत्ति या सुझाव दर्ज कराना चाहता है तो वह 7 दिसंबर तक सेक्टर-12 में लघु सचिवालय दर्ज करा सकता है। उन्होंने बताया कि सभी आठ तहसीलों के अलग अलग कलेक्टर रेट निर्धारित किए गए हैं। इनमें आवासीय, व्यवसायिक, औद्योगिक और संस्थागत जमीन के रेट में बढ़ोत्तरी प्रस्तावित की गई है। जिला राजस्व अधिकारी बिजेंद्र सिंह राणा ने बताया कि गांवों की जमीन का करीब 10 से 43 फीसदी तक बढ़ोत्तरी प्रस्तावित है। जबकि शहरी क्षेत्रों में करीब 70 फीसदी तक बढ़ोत्तरीप्रस्तावित की गई है। तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर फरीदाबाद इलाके में भी 10 से 50 फीसदी तक बढ़ोत्तरी प्रस्तावित की गई है। सूत्रों की मानें तो इस बार सरकार ने यहां होने वाली रजिस्ट्री का अध्ययन करने के बाद बढ़ोत्तरी करने पर विचार किया है।

### आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रचार समिति के चेयरमैन डॉ. अशोक तंवर का मंत्री जेपी दलाल के विवादित बोलों पर कटाक्ष



**चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रचार समिति के चेयरमैन डॉ. अशोक तंवर का मंत्री जेपी दलाल के विवादित बोलों पर बोलते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर और मंत्रियों को किसान और किसानों के परिवार से नफरत है। इसलिए सरेआम किसान परिवारों और उनके परिवार का अपमान करते हैं। उनके बारे में आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हैं।

उन्होंने कहा की जब पूरे देश में केंद्र सरकार के काले कानूनों का विरोध हो रहा था तो बीजेपी के मंत्री किसानों को खालिस्तानी, आतंकवादी और आंदोलनजीवी कहकर नफरत फैला रहे थे। इसके साथ जब जब प्रदेश में किसानों ने अपने हकों की आवाज उठाई तो बीजेपी सरकार ने लाठी के दाम पर किसानों की आवाज कुचलने का काम किया। कुरुक्षेत्र में किसानों पर लाठीचार्ज भी उसका ही एक उदाहरण है। वहीं किसान आंदोलन में शहीद 750 से ज्यादा किसानों को लेकर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार ने अभी तक भी कोई शोक प्रस्ताव नहीं लाया गया है।

उन्होंने कहा कि जब बीजेपी के मंत्रियों का किसानों को लाठियां मार कर भी बीजेपी नेताओं का मन नहीं भरा तो अब किसान परिवारों की महिलाओं का खुले मंच से अपमान कर रहे हैं। मंत्री दलाल कह रहे हैं कि जिनकी घरवाली तक उनकी नहीं सुनती है, उन्होंने किसानों का ठेका ले रखा है। मैं सबको जानता हूं। किसी पर 5 मुकदमे, किसी पर 3 मुकदमे हो रखे हैं। उल्टे उल्टे काम कर रहे है।

उन्होंने कृषि मंत्री जेपी दलाल के महिला विरोधी बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वे अपने घटिया व बेहूदा बयान को तुरंत वापस लेते हुए किसान परिवारों से माफी मांगे। इसके साथ उन्होंने कहा की बीजेपी सरकार किसान परिवारों से नफरत करने की बजाय किसानों के आय दुगनी करने के वायदे, एमएसपी के वायदे को पूरा करने का काम करें, ताकि किसान परिवारों के हित में कोई काम हो सके।

## हरियाणा : पुलिस विभाग को मिलेंगी नई बसें

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में बुधवार को चंडीगढ़ में उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) और हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक हुई। इस बैठक में लगभग 2500 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई।

बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ.कमल गुप्ता, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली और श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित थे।

# स्कूल के लिए निकले 7वीं कक्षा के गुमशुदा बच्चों को पुलिस ने किया परिजनो के हवाले

**सराहनीय कार्य**

**8 पढ़ाई को लेकर घर वालो के द्वारा डाटा गया था जिसको लेकर बिना बताए घर से निकल गए थे।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**

हरियाणा सरकार के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-8 प्रबंधक नवीन कुमार की टीम सेक्टर-7 पुलिस चौकी ने घर से स्कूल के लिए निकले 2 लापता नाबालिक लडको को तलाश




कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि दोनों बच्चे 7 वीं कक्षा के छात्र है दोनों 28 नवम्बर को घर से स्कूल के लिए निकले थे। दोनों बच्चे दोस्त है। जो स्कूल में अंदर जाने से पहले गेट से ही कही निकल गए थे। जो इआरवी टीम को बच्चो के गुम होने की सूचना मिली मौके पर पहूंच कर पुलिस चौकी सेक्टर-7 प्रभारी सुरेन्द्र कुमार को सूचना दी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए चौकी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बच्चो के बैग को चेक किया तो बच्चो ने अपनी नोट बुक पर रुट मैप बना रखा था। जिसमें स्कूल से निकलने के बाद सराय ख्वाजा से बस पकड कर वृंदावन जाने का प्लान था। जिसको देखते हुए तुरंत पुलिस टीम एएसआई जेल सिंह और सिपाही सुरेश की टीम को परिजनो के साथ वृंदावन के लिए रवाना किया। वहा पुलिस टीम ने बच्चो की फोटो और सीसीटीवी कैमरों की मद्द से बच्चो को वृंदावन के मंदिरो में होना पाया। काफी तलाश के बाद बच्चो को इस्कॉन टेंपल से बरामद किया है। दोनों बच्चो को फरीदाबाद लाया गया। बच्चो से पूछताछ में सामने आया कि उनको पढ़ाई को लेकर घर वालो के द्वारा डाटा गया था जिसको लेकर बिना बताए घर से निकल गए थे। कानूनी प्रक्रिया के पूरी होने के बाद दोनों बच्चो को परिजनों के हवाले किया है। परिजनों के पुलिस टीम का तह दिल से धन्यवाद किया है। पुलिस टीम ने परिजनों को समझाया कि आप अपने बच्चों का ध्यान रखें अगर बच्चा कहीं दूर निकल गया होता तो कोई अप्रिय घटना भी हो सकती थी।

# देसी पिस्तौल सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश व एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने देसी पिस्तौल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम जतिन उर्फ जीतू है आरोपी भूपानी गांव फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने



अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गांव भूपानी के एरिया से गाडी होंडा सिटी में पलवल से आते हुए काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी पिस्तौल व 2 जिन्दा रोंद बरामद हुए है। आरोपी को खिलाफ थाना भूपानी में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी पिस्तौल को किसी व्यक्ति से हवाबाजी के लिए 10 हजार रुपए में खरीद कर लाया था। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## सफाई कार्य में बाधा डालने वाले 26 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

नगर निगम गुरूग्राम द्वारा बुधवार को ऐसे लगभग 26 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने की कार्रवाई की गई, जो निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे सफाई कार्य में समय-समय पर बाधा उत्पन्न कर रहे थे।शहर के कई आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने जोन-1 व जोन-2 क्षेत्रों के संयुक्त आयुक्तों से मिलकर इस बारे में शिकायत की थी कि कुछ सफाई कर्मचारी हड़ताल के नाम पर शहर की सफाई व्यवस्था को खराब कर रहे हैं। अगर आम नागरिक भी अपने क्षेत्र में सफाई का कार्य करता है, तो उसके कार्य में भी बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

# यातायात पुलिस ने 737 वाहन चालको के काटे पोस्टल चालान



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश पर एसीपी ट्रैफिक एनआईटी विनोद कुमार के मार्गदर्शन में एसएचओ ट्रैफिक पुलिस टीम ने अवैध पार्किंग, रेड लाईट जम्प और विदाउट हेलमेट के ड्राइव करने वाले 737 वाहन चालको के पोस्टल चालान काटकर जुमार्ना लगाया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा शहर वासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है परंतु कुछ यात्री नियमों की अनदेखी करते हुए यातायात नियमों का पालन नहीं करते। फरीदाबाद में स्मार्ट सिटी के तहत यातायात को सुधारने के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों से डीसीपी ट्रैफिक के दिशा निर्देश के तहत यातायात नियमों का उलझंन करने वाले 737 वाहन चालको के पोस्टल चालान काटे गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अवैध पार्किंग के 155, रेड लाईट जम्प के 10 और विदाउट हेलमेट के 489 चालान है, जिसमें अवैध पार्किंग के ?500 का अगर पहली बार है तो लेकिन अगर दुसरी या उससे अधिक बार चालान होता है तो 1500/-रु होगा। विदाउट हेलमेट का 1000/-रु का है तथा रेड लाईट जम्प का 5000/-रु का चालान है। इसके अलाव अन्य सभी यातायात नियमों तोडने वालो के 1241 वाहन चालको के पोस्टल/ ई-चालान काटकर जुमार्ना किया गया है। अवैध पार्किंग से यातायात बाधित होता है। रोंग लाइन में ड्राइव करने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। फरीदाबाद पुलिस का यह लगातार प्रयास रहता है कि शहर वासियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके और यात्री सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके। पुलिस प्रवक्ता ने नागरिकों से अपील की कि वह सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और सड़क पर यात्रा करते समय सुरक्षा यंत्रों का पूरा उपयोग करें।

# सेक्टर 75-80 में सीवर व पेयजल लाइन बिछाने का कार्य शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ग्रेटर फरीदाबाद के दो नए सेक्टरों में विकास कार्य तेजी से शुरू कर दिए गए है। सीवर लाइन बिछाई जा रही है। बारिश के पानी निकासी के लिए ड्रेनेज बिछाने का कार्य चल रहा है। जल्द ही बिजली की लाइन डालने का कार्य शुरू किया जाएगा। इस योजना पर 116 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। ग्रेटर फरीदाबाद में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने तीन सेक्टरों में ही मूलभूत सुविधाएं विकसित करने का काम शुरू किया हुआ है। इनमें सेक्टर 76, 77 व 78 शामिल हैं। इन सेक्टरों के अंदरूनी इलाकों में सड़क बनाने, सीवर व



पानी की लाइन डालने, स्ट्रॉम वॉटर ड्रेन बनाने व बिजली की व्यवस्था की जा रही है। अधिकतर हिस्से में काम हो चुका है और बचे हुए हिस्से में काम जारी है। सेक्टर 77 व 78 में ड्रॉ के माध्यम से लोगों को प्लॉट दिए गए थे और सेक्टर 76 में ई-ऑक्शन के माध्यम से लोगों को प्लॉट बेचे गए हैं। इसके अलावा एचएसवीपी ने सेक्टर 75 व 80 में भी ई-ऑक्शन के माध्यम से बहुत से लोगों को प्लॉट बेच दिए हैं। ऐसे में लोगों को प्लॉटों पर कब्जा देने से पहले यहां पर मूलभूत सुविधाएं विकसित करना जरूरी है। इसलिए दोनों सेक्टरों में सभी मूलभूत सुविधाएं विकसित का कार्य तेजी से किया जा रहा है।एचएसवीपी की ओर से सेक्टर 75 व 80 में के बाहर मास्टर रोड का निर्माण पहले की पूरा कर लिया गया था। अब अंदरूनी सड़कें बनाने, सीवर व पानी की लाइन बिछाने, बारिश के पानी निकासी की व्यवस्था करने और बिजली की व्यवस्था करने काम किया जा रहा है। इन कार्यों पर करीब 58 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जबकि सिविल वर्क पर लगभग 42 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बिजली संबंधित कार्यों पर 16 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सेक्टर 75 में सड़क, सीवर, पानी व स्ट्रॉम वॉटर ड्रेन बनाने में 16 करोड़ और सेक्टर 80 में करीब 26 करोड़ रुपये लागत आएगी।

# मानव रचना में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की ओर से कंप्यूटेशन, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी में प्रगति विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएआईसीसीआईटी-2023) का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों और सम्मानित सदस्यों ने मां सरस्वती के सामने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षाविदों, शोधकताओं और



उद्योगपतियों ने मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे कंप्यूटिंग के उन्नत क्षेत्रों पर चर्चा की। सम्मेलन के दौरान भारत सहित दक्षिण कोरिया, संयुक्त अरब अमीरात, ताइवान से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1086 शोधपत्र पेश किए गए, जिनमें से 450 शोधपत्र स्वीकृत और 282 शोधपत्र पंजीकृत किए गए। कार्यक्रम के स्वागत सत्र में हुई चर्चा में एमआरईआई के प्रबंध निदेशक श्री राजीव कपूर, एमआरआईआईआरएस उपकुलपति डॉ. संजय श्रीवास्तव, प्रति उपकुलपति एमआरआईआईआरएस प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार, प्रति उपकुलपति डॉ. नरेश ग्रोवर, एसोसिएट डीन प्रोफेसर डॉ. गीता निझावन सहित अल्स्टर विश्वविद्यालय यूके की इंटरिम कार्यकारी डीन डॉ. सैंड्रा मोफेट, इंटरनेशनल सेंटर फॉर एआई एंड साइबर सिक्योरिटी रिसर्च एंड इनोवेशन, एशिया यूनिवर्सिटी ताइवान के निदेशक डॉ. ब्रिज बी. गुप्ता, नॉटिंघम ट्रेंट की सीनियर लेक्चरार डॉ. ताहा उस्मान, मैनचेस्टर मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी यूके में मेक्ट्रोनिक्स के सीनियर लेक्चरार डॉ. एरिस एलेक्सौलिस, मैनचेस्टर मेट्रोपॉलिटन में सीनियर लेक्चरार डॉ. कोना केंड्रिक, आईआईएमटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ग्रेटर नोएडा के निदेशक प्रो. एसएस त्यागी ने विचार रखे।

इसके बाद सामूहिक चर्चा सत्र का आयोजन हुआ जिसमें एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गिन्नी सहगल और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्वेता शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. एरिस ने मुख्य भाषण देते हुए आईटी और ओटी के बीच चौथे औद्योगिक सहयोग के बारे में जानकारी दी।

वहीं डॉ. ताहा उस्मान ने जेनेरिक एआई और लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (एलएलएम) के बारे में बताया।

# सादगी की मिसाल थे डा. सपड़ा: सुषमा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक)** राजकीय माध्यमिक विद्यालय किशनगढ़ में हरियाणा उर्दू अकादमी के पूर्व निदेशक रहे स्व. डा. देसराज सपड़ा की स्मृति में उनके पुत्र राकेश सपड़ा एवं पुत्रवधु मीनू सपड़ा ने जरूरतमंद बच्चों को वर्दियां वितरित की। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका सुषमा रानी ने कहा कि डा. देसराज सपड़ा सादगी की अनूठी मिसाल थे। प्राचार्य पद से सेवानिवृति उपरांत डा. देसराज सपड़ा ने अपने जीवन को एक चैलेंज के रूप में लिया तथा हरियाणा उर्दू अकादमी पंचकुला के निदेशक बनकर अपने सपने को पूरा किया।सुषमा



ने कहा कि उनकी उपलब्धियों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने निदेशक के रूप में दो बार उनके कार्यकाल में विस्तार किया। सुषमा ने कहा कि इतने ऊंचे पद पर रहते हुए भी अंहकार उनसे कोसो दूर था। मीनू सपड़ा ने बताया कि मरणोपरांत भी डा. देसराज सपड़ा को 2022 में राज्य स्तरीय पुरस्कार से नवाजा गया एवं 1 लाख रूपए की राशि पुरस्कार के रूप में मिली। हरीश मुंजाल ने कहा कि हमें भी स्व. डा. देसराज सपड़ा के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्याध्यापिका सुषमा ने जरूरतमंदों को वर्दियां देने के लिए राकेश सपड़ा एवं मीनू सपड़ा का आभार प्रकट किया।

## वजीरपुर जेजे कॉलोनी में अखिल भारतीय युवा कोली/कोरी समाज ने

# धूमधाम से मनाया वीरांगना झलकारी बाई का 193वां प्रकटोत्सव













**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के वजीरपुर** इलाके में अखिल भारतीय युवा कोली/कोरी समाज के द्वारा वीरांगना झलकारी बाई के 193वें प्रकटोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पहले वीरांगना झलकारी बाई सर्वोदय कन्या विद्यालय वजीरपुर जेजे कॉलोनी में वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद वजीरपुर जेजे कॉलोनी स्थित निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी के कार्यालय पर विशाल गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वीरांगना झलकारी बाई की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय युवा कोली/कोरी समाज महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी की ओर से किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय युवा कोली/कोरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर खेमचंद कोली ने कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर खेमचंद कोली ने वहां पर उपस्थित लोगों को झलकारी बाई के साहसिक एवं बलिदानी जीवन से जुड़ी कई बातों को बताया और समाज के प्रति जिम्मेदारी के प्रति सभी को प्रेरित भी किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर खेमचंद कोली ने कहा कि समाज के लोग अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, जिससे की बच्चे पढ-लिखकर समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने अभिभावकों से यह भी कहा कि एक रोटी कम खाओं मगर बच्चो को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, क्योंकि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इस अवसर पर अखिल भारतीय युवा कोली/कोरी समाज के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव व समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी, राजेन्द्र कोली, बाबूलाल कोली, डॉक्टर राजेश बजाज, छगन लाल कोली, पूनम कोली, हेमलता कोली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर अखिल भारतीय युवा कोली/कोरी समाज के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रेम कुमार विद्यार्थी ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है, इसलिए हम सभी को संगठित होकर रहना चाहिए और हमेशा ही गरीब व निर्धन तबके की मदद करनी चाहिए। जिससे की सभी वर्ग के लोगों का विकास हो सके। तो वहीं निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने उपस्थित लोगों से कहा कि जागरूक बनों, संगठित रहों तभी विकास होगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को झलकारी बाई के जीवन के बारे में भी जानकारी दी।



# सीएक्यूएम के आदेश पर ग्रेप तीन की पाबंदियां हटीं : राय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के पर्यावरण** मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पिछले 2-3 दिनों से मौसम में बदलाव होने से प्रदूषण के स्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है। इसे देखते हुए सीएक्यूएम ने ग्रेप 3 से सबंधित पाबंदियों को वापस ले लिया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में अगर हवा की गति कम होगी तो प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। इसलिए स्थिति ज्यादा न बिगड़े, दिल्ली में ग्रेप-1 तथा ग्रेप-2 के नियम अभी लागू रहेंगे।



पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि ग्रेप एक और दो की पाबंदियों का सख्ती से पालन करवाने को लेकर दिल्ली में सुनिश्चित तरीके से कार्यान्वयन के लिए आज दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के साथ संयुक्त मीटिंग की। मीटिंग के बाद उन्होंने बताया कि पर्यावरण विभाग द्वारा प्रदूषण की रोकथाम के लिए सभी संबधित विभागों को आदेश जारी किया है। साथ ही जो-जो टीमे लगी हुई थी जैसे एंटी डस्ट कैम्पेन टीम, एंटी ओपन बर्निंग अभियान टीम, पीयूसी चेकिंग टीमें, इन्हें पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करते रहने के लिए कहा गया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हॉट स्पाट पर सभी नियमों का कड़ाई से पालन जारी रखने का आदेश दिया गया है। टीमों को लगातार मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अभी प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए ग्रैप-1 और ग्रैप 2 के नियम लागू रहेंगे और दिल्ली में सभी संबंधित एजेंसियों द्वारा लगातार निगरानी और समीक्षा की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि एक्यूआई स्तर आगे बढ़कर 'गंभीर' श्रेणी में न आएं। मंत्री गोपाल राय ने कहा कि प्रतिदिन चिन्हित सड़कों पर पानी का छिड़काव करने और लगातार मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। 215 मोबाइल एंटी स्मॉग गन से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। जिसमें से हॉटस्पॉट के लिए 60 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाया गया है। पानी के छिड़काव के लिए 375 वाटर स्प्रिंक्लिंग मशीन लगायी गयी है, 82 मैकनिकल स्वीपिंग मशीन काम कर रही है।

# सूरजमल विहार : शिक्षा मंत्री आतिशी ने किया स्कूल का दौरा, छात्रों से की चर्चा

**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**स्कूल विजिट की श्रृंखला** को जारी रखते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने बुधवार को डॉ. बी. आर. अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस, हाई-एंड 21२३ सेंचुरी स्किल्स, सूरजमल विहार का दौरा किया और स्टूडेंट्स के साथ उनकी पढ़ाई को लेकर चर्चा की। इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, एएसओएसई में छात्रों में इतना आत्मविश्वास गर्व की बात है। यहाँ छात्रों को जो आत्मविश्वास और स्किल्स मिल रहा है, वो उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार कर रहा है। स्कूल में मिल रहा एक्सपोजर न



केवल बच्चों को बेहतर प्रोफेशनल बना रहा है बल्कि भविष्य के उस नागरिक के रूप में तैयार कर रहा है, जो टेक्नोलॉजी से लैस होकर हर चुनौतियों के लिए तैयार रहेगा। विजिट के दौरान शिक्षा मंत्री ने कंप्यूटर लैब, कोडिंग क्लास, रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन क्लास, फाइनेंस मैनेजमेंट क्लास का दौरा कर स्टूडेंट्स से बातचीत की और उनके अनुभवों को जाना। शिक्षा मंत्री आतिशी ने विजिट के दौरान पाया कि, स्टूडेंट्स हिन्दी-अंग्रेजी, जर्मन के साथ-साथ जावा, कंप्यूटर कोडिंग की भाषा भी सीख रहे है। ये स्कूल भविष्य के उन प्रोफेशनल्स को तैयार कर रहा है जो अपनी कोडिंग के जरिए मुश्किल से मुश्किल समस्याओं को चुटकियों में हल कर देंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल में रोबोटिक्स और ऑटोमेशन के क्षेत्र में मिल रहे स्पेशलाइज्ड एजुकेशन से स्टूडेंट्स को भविष्य की मशीनें तैयार करने की स्किल्स मिल रही है। शिक्षा मंत्री से साझा करते हुए स्टूडेंट्स ने कहा कि, इस स्कूल में हमें जो कुछ सिखाया जा रहा है। उसके जरिए हम भविष्य के लिए तैयार हो रहे है।

